दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

नई दिल्ली।। सोमवार 29 जुलाई -2024 | वर्ष : 8 अंक : 290 पेज-08 | RNI NO. DELHI/2015/65364 | मूल्य : ₹3







## कई राज्यों के बदले गए राज्यपाल संतोष गंगवार भेजे गए झारखंड

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति ने द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को कई राज्यों के लिए नए राज्यपालों की नियुक्ति की घोषणा की है।इन नियुक्तियों से संबंधित जानकारी के अनुसार, संतोष कुमार गंगवार को झारखंड का नया राज्यपाल नियुक्त किया गया है। बता दें गंगवार पहले केंद्रीय मंत्री रह चुके हैं, अब वह झारखंड के राज्यपाल की जिम्मेदारी संभालेंगे।

वहीं छत्तीसगढ़ के लिए रेमन डेका को राज्यपाल नियुक्त किया गया है। राष्ट्रपति ने पंजाब के राज्यपाल और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के प्रशासक के रूप में कार्य कर रहे बनवारीलाल पुरोहित का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है।अब असम के वर्तमान राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया को पंजाब का गवर्नर बनाया गया है। पंजाब के साथ ही कटारिया को केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के प्रशासक की अतिरिक्त जिम्मेदारी भी दी गई है। वहीं झारखंड के पूर्व राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को अब महाराष्ट्र का राज्यपाल नियुक्त किया गया है। मेघालय के नए राज्यपाल के रूप में सीएच विजयशंकर की नियुक्ति की गई है। इसके अलावा, लक्ष्मण प्रसाद आचार्य को असम का राज्यपाल नियुक्त किया गया है और उन्हें मणिपुर की अतिरिक्त जिम्मेदारी भी सौंपी गई है।

### राज्यपालों की सूची

-हरिभाऊ किसनराव बागड़े को राजस्थान का राज्यपाल बनाया गया है।

-जिष्णु देव वर्मा को तेलंगाना का राज्यपाल नियुक्त किया गया है।

-ओम प्रकाश माथुर को सिक्किम का राज्यपाल बनाया गया है।

-संतोष कुमार गंगवार को झारखंड का राज्यपाल नियुक्त किया गया है।

## लखनऊ के अखबारों की सुर्खियां बता रही हैं तबादले की वजह

## भाजपा खेमा बता रहा है विधायक की जीत

### आ रही है आवाज कब समाप्त होगा पुलिस व विधायक जी का विवाद

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में बीते 10 दिनों के भीतर दो डीसीपी स्तर के अधिकारियों के तबादले हुए हैं। तो वहीं सबसे ज्यादा तबादले की चर्चा आईपीएस अधिकारी डीसीपी ग्रामीण विवेक चंद्र यादव को लेकर हो रही है। भारतीय जनता पार्टी का खेमा इस विधायक लोनी नंदकिशोर गुर्जर की जीत बता रहा है। तो वहीं लखनऊ के प्रमुख अखबारों की जो सुर्खियां हैं, वह भी कुछ यही बयां कर रही हैं। लखनऊ में छपी एक खबर में शीर्षक है भाजपा के विधायक से विवाद में डीसीपी विवेक को हटाया गया, सुरेंद्रनाथ तिवारी को नया पुलिस उपायुक्त बनाया गया। वहीं दूसरी खबर है कि भाजपा विधायक से विवाद के बाद गाजियाबाद में पुलिस उपयुक्त हटाए गए, जैसे शीर्षक बता रहे हैं



कि गाजियाबाद से लेकर लखनऊ तक विधायक नंदकिशोर गुर्जर द्वारा बीते दिनों पुलिस अधिकारियों के खिलाफ खुलकर मोर्चा खोले जाने की खबरें छाई हुई हैं। उधर गाजियाबाद में भाजपा के खेमे के लोग विधायक नंदकिशोर गुर्जर द्वारा जिस तरीके से पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ मोर्चा खोला गया था, उसे उनकी जीत करार दे रहे हैं। वैसे अभी तबादले की वजह अभी स्पष्ट नहीं है लेकिन जिस तरीके से विवेक चंद्र यादव को पुलिस मुख्यालय अटैच किया गया है, यह पुलिस वालों के बीच भी चर्चा का विषय बना हुआ है। अमूमन एक आईपीएस अधिकारी की मुख्यालय में पोस्टिंग को साइड लाइन और लाइन हाजिर जैसी पोस्टिंग का रूप माना जाता है।

### खाकी और खादी में चर्चा कब थमेगा यह पूरा विवाद

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में बीते लंबे समय से देखा जा रहा है कि विधायक लोनी नंदकिशोर गुर्जर पुलिस के शीर्ष अधिकारियों को लेकर टिप्पणी करते हैं। उनकी टिप्पणी दिल्ली से लेकर लखनऊ तक जारी रहती है। ओपन लैटर लिखते हैं, तो मीडिया और सोशल मीडिया में उनके बयान हैडलाइंस बना रहे हैं। खाकी और खादी दोनों ही सिस्टम वाले यह कहते देखे जा रहे हैं कि आखिर यह विवाद अभी कितना लंबा और चलेगा।

### क्या नए अधिकारियों पर भी रहेगा दबाव

करंट क्राइम : बीते 10 दिनों के भीतर गाजियाबाद में दो आईपीएस के कार्यक्षेत्र बदले गए हैं। सिटी में आईपीएस अधिकारी राजेश कुमार चौरसिया ने कमान संभाली है, तो देहात की कमान डीसीपी सुरेंद्रनाथ तिवारी को मिली है। डीसीपी ग्रामीण जोन का पूरा इलाका बेहद विस्तृत माना जाता है। यहां क्राइम भी अधिक रहता है, तो वही लोनी विधानसभा भी डीसीपी ग्रामीण जोन का कार्यक्षेत्र रहेगा। ऐसे में सुरेंद्रनाथ तिवारी की विधायक नंदकिशोर गुर्जर के साथ क्या ट्यूनिंग रहती है यह भी आने वाले दिनों में देखने लायक होगा। उधर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को लेकर विधायक नंदकिशोर गुर्जर लगातार मुखर हैं। उन्होंने अपनी सुरक्षा हटाने और अन्य मामलों को लेकर सोशल मीडिया पर भी बाकायदा मोर्चा खोला हुआ है। अब देखना होगा नए अधिकारियों पर इस बात का कितना दबाव रहेगा।

## हमें समाज को बांटने वाले सभी अभियानों से बचना चाहिए : बालेश्वर त्यागी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** लोकतंत्र में जातियों का अपना महत्व है। भारत में जातियों का इतिहास बहुत पुराना है। किसी समय जातियां कर्म आधारित थीं लेकिन सामाजिक बदलावों के साथ जातियां जन्म आधारित हो गईं। ये संकृति नहीं है, विकृति है लेकिन इस विषय पर किसी अन्य दिन चर्चा करेंगे लेकिन आज जातीय आधारित राजनीति पर कुछ कहने का मन है। लोकतंत्र ने बहुमत से जनप्रतिनिधि चुने जाने का अधिकार जनता को दिया है। मेरे संज्ञान में ऐसी कोई कॉन्स्टिट्वेंसी नहीं है जिसमें केवल एक ही जाति के वोटरों से चुनाव जीतना सम्भव हो। इसलिए उस उम्मीदवार की जीत पक्की हो जाती है जिसे अपनी जाति से भिन्न अन्य जातियों की वोट मिलती है।

**जिस प्रत्याशी के कार्यकर्ता अपने राजनैतिक कौशल से सभी जातियों और वर्ग के लोगों को सम्मान देकर प्रत्याशी के पक्ष में समर्थन लेते हैं, उनकी जीत पक्की हो जाती है। इसके जिन जातियों के कार्यकर्ता अपने व्यवहार से अपनी जाति की राजनीति को सबसे शक्तिशाली, सबसे श्रेष्ठ और अपनी जाति के प्रत्याशी की जीत ही सुनिश्चित बताते हैं।**



**अगर मैं देशराज देशी को प्रत्याशी बनाये जाने के पक्ष में रहूंगा तो इस आधार पर रहूंगा कि वह हमारे समय से कार्यकर्ता है और मैंने उसके कार्यक्षमता को देखा है। मैं उसके पंजाबी होने के कारण पक्ष या विपक्ष में नहीं हूं।**

अभी लोक सभा चुनावों में चुनावों के दौरान श्री अतुल गर्ग हमारे गांव (बसंतपुर सैंतली) भी गए थे। गांव वालों ने मुझे भी बुलाया था। वरुण त्यागी कार्यक्रम के मुख्य कर्ताधर्ता थे। गांव वालों की ओर से प्रत्याशी श्री अतुल गर्ग का स्वागत किया गया। कार्यक्रम संचालकों ने गांव के सभी जातियों के प्रमुख लोगों से स्वागत कराया। एक तरह से गांव की ओर से प्रत्याशी को वोट का आश्वासन होता है जिसमे सभी जातियों वर्गों का प्रतिनिधित्व हो ताकि सभी एक तरह से सहमत हों। ये जीत का मंत्र है। जिस प्रत्याशी के कार्यकर्ता अपने राजनैतिक कौशल से सभी जातियों और वर्ग के लोगों को सम्मान देकर प्रत्याशी के पक्ष में समर्थन लेते हैं, उनकी जीत पक्की हो जाती है। इसके जिन जातियों के कार्यकर्ता अपने व्यवहार से अपनी जाति की राजनीति को सबसे शक्तिशाली, सबसे श्रेष्ठ और अपनी जाति के प्रत्याशी की जीत ही सुनिश्चित बताते हैं, वे जाने अनजाने अपने उम्मीदवार के प्रति दूसरी बिरादरियों में प्रतिक्रिया उत्पन्न कर देते हैं। वे जाने अनजाने अपने पार्टी का अहित करते हैं। मुझे याद है 2002 के विधान सभा चुनावों में पहले तो वैश्य सम्मेलन आयोजित किया गया जिसकी प्रमुख मांग थी कि गाजियाबाद से वैश्य को टिकट दिया जाय। उस सम्मेलन में तत्कालीन मुख्यमंत्री श्री राजनाथ सिंह मुख्य अतिथि थे और उन्होंने चतुराई से व्यापारी सम्मेलन जैसे डील किया। लेकिन एक दो ऐसे लोग थे जिनके बारे में कभी प्रत्याशी के रूप में विचार नहीं हुआ और न होना था लेकिन उन्होंने कुछलोगों की बैकिंग से वैश्य प्रत्याशी के पक्ष में इतना वातावरण बनाया जिसका लाभ चुनावों में कांग्रेस के वैश्य प्रत्याशी को मिल गया।मैने इस घटना का 22 साल बाद इसलिए चर्चा कर रहा हूँ कि कहीं जाने अनजाने अपने पंजाबी समाज के भाइयों में इतनी तल्खी न आ जाय जिसका लाभ विरोधी दल न उठा लें।इस शहर की समृद्धि और सम्पन्नता में देश के बंटवारे के समय पाकिस्तान से विस्थापित होकर आए पंजाबी भाइयों का है। परिश्रम से कमाना और सलीके से रहना और खाना में पंजाबियों ने शहर को समृद्ध किया है।गाजियाबाद को जो उद्योग का दर्जा मिला उसमें पंजाब से आये लोगों की भूमिका महत्वपूर्ण थी।गाजियाबाद विधान सभा में तीन बार सरदार तेजा सिंह ने गाजियाबाद का प्रतिनिधित्व किया है। वैसे भी शहर में बहुत सामंजस्य और सौहार्द है। कभी पंजाबी और गैर पंजाबी का विभाजन नहीं रहा है। हमें किसी भी प्रकार इसे हानि नहीं पहुंचने देनी चाहिए।

टिकट किसको मिलेगा। इसे पार्टी तय करेंगी। वह किस बिरादरी का होगा उंसके निर्णय भी उम्मीदवार की घोषणा पर चलेगा।लेकिन मेरे मानक के अनुसार उस उम्मीदवार को टिकट मिंले जिसके पक्ष में क्षेत्र के अधिकतर कार्यकर्ता हों। अगर मैं देशराज देशी को प्रत्याशी बनाये जाने के पक्ष में रहूंगा तो इस आधार पर रहूंगा कि वह हमारे समय से कार्यकर्ता है और मैंने उसके कार्यक्षमता को देखा है। मैं उसके पंजाबी होने के कारण पक्ष या विपक्ष में नहीं हूं। कार्यकर्ता अपने काम के आधार पर ,अपनी लोकप्रियता के आधार पर , क्षेत्र में सक्रियता के आधार पर टिकट मांगे ये आदर्श स्थिति है। लेकिन जातीयता का नारा लगाकर जाने अनजाने जातीयता के वैमनस्य को बढ़ाने का काम न करे। समाज को बांटने के बहुत सारे प्रयास समाज विरोधी और देश विरोधी ताकतों द्वारा किये जा रहे हैं।ऐसे में हमें समाज को बांटने वाले सभी अभियानों से बचना चाहिए।

## विधायक आशु मलिक पर कायम है राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का भरोसा

### 6 सदस्यों वाली समिति में मिला है आशु मलिक को भी स्थान

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** आशु मलिक समाजवादी पार्टी के उन नेताओं में हैं जिन पर हमेशा से मुलायम सिंह यादव भरोसा करते रहे और अब वो समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की गुडबुक के नेताओं में है। आशु मलिक को सपा सरकार में दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री बनाया गया। उसके बाद उन्हें सपा सरकार में एमएलसी बनाया गया और आशु मलिक अब समाजवादी पार्टी के विधायक हैं। आशु मलिक उन नेताओं में हैं जो मुद्दों की बेहतर समझ रखते हैं और हमेशा मर्यादित भाषा के साथ अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हैं। आशु मलिक पर एक बार फिर अखिलेश यादव ने भरोसा जताया है। अखिलेश यादव ने जब 6 विधायकों को अलग-अलग पदों पर नियुक्त करने की संस्तुति उत्तर प्रदेश विधान सभा के अध्यक्ष से की तो इन 6 विधान सभा सदस्यों में आशु मलिक का भी नाम है। विधायक आशु मलिक को उत्तर प्रदेश विधानसभा की कार्यमंत्रणा समिति में लिये जाने का अनुरोध राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने किया है। उन्होंने पत्र लिखकर विधानसभा अध्यक्ष को यह नाम संस्तुति के लिए भेजा है।





### अधिष्ठाता मंडल-मुख्य सचेतक से लेकर कार्यमंत्रणा समिति के नाम

करंट क्राइम। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने जो नाम भेजे हैं उनके अधिष्ठाता मंडल से लेकर मुख्य सचेतक, उप सचेतक और कार्यमंत्रणा समिति के नाम हैं। ये सभी सपा के विधायक हैं। अधिष्ठाता मंडल के लिए विधायक महबूब अली का नाम है। मुख्य सचेतक विधानसभा के लिए कमाल अख्तर का नाम है। विधानसभा उत्तर प्रदेश में विधानसभा के उपसचेतक पद के लिए विधायक राकेश कुमार उर्फ डॉ आरके वर्मा का नाम है। कार्यमंत्रणा समिति में विधायक आशु मलिक के अतिरिक्त विधायक रविदास मेहरोत्रा और अतरौलिया विधानसभा के विधायक डॉ संग्राम यादव का नाम है।

## कुल बजट का 18% उत्तर प्रदेश को मिला : भूपेंद्र चौधरी

### विपक्ष फैला रहा है बेवजह का नैरेटिव

### प्रदेश अध्यक्ष ने कहा यूपी थ्री- ट्रिलियन योजना पूरी करेगा



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** केंद्रीय वित्त मंत्री सीता निर्मला रमण ने बीते दिनों संसद में बजट पेश किया था। बजट के बाद अब भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी और नेता अलग-अलग जनपद और प्रदेशभर में बजट के मुख्य विषय और बजट में क्या मिला बता रहे हैं। इसी कड़ी में रविवार को उत्तर प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी गाजियाबाद पहुंचे। उन्होंने बजट के बारे में पत्रकारों को जानकारी दी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि बजट 2024-25 प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री का मिशन 2047 को लेकर तैयार किया गया है। 2047 तक भारत विकसित राष्ट्र हो जाएगा। इस बजट में महिलाओं, किसानों युवाओं व गरीबों सभी के लिए सब कुछ है। भूपेंद्र चौधरी ने बताया कि यूपी को 2.44 लाख करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। जिससे ऊर्जा, उद्योग, इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत होने पर जोर दिया गया है। भूपेंद्र चौधरी ने कहा है कि आयकर के स्लैब से हर वर्ग को लाभ मिला है। वहीं बजट में उद्योग, शिक्षा ,सरकारी योजना और विकास परियोजनाओं के लिए काफी कारगर साबित होगा। उन्होंने कहा कि कर्ज की गारंटी के तहत 22 लाख नई योजना क्रियांवित भी किए जाएंगे। वहीं यूपी में सौ आईटीआई अपग्रेड कर उनमें एक लाख युवाओं को रोजगार प्रदान करने का भी काम होगा। उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने कहा है कि इस बार का बजट कुल बजट का यूपी में 18% मिला है। उन्होंने कहा कि जिस तरीके से विपक्ष और कई लोग बजट को लेकर कह रहे हैं कि बजट को लेकर बड़ी विसंगति है, तो ऐसा नहीं है।

### हाईवे पर होगा 40 हजार करोड़ रुपये खर्च

**करंट क्राइम :** पत्रकारों से गाजियाबाद के होटल सिल्वर स्कूल वसुंधरा में बातचीत करते हुए भूपेंद्र चौधरी ने कहा है कि उत्तर प्रदेश को 10 नए राष्ट्रीय राजमार्ग मिलेंगे। इसके साथ ही 40 करोड़ रुपए हाईवे पर लगाए जाएंगे। लंबी दूरी पर सड़के बनेगी। बजट में ग्रामीण क्षेत्र की सड़कों को भी बेहतर बनाने का प्रावधान रखा गया है। इसके साथ ही इंफ्रास्ट्रक्चर को और मजबूत व बेहतर बनाया जाएगा। इस दौरान उन्होंने कहा है की इंटर्नशिप योजना उत्तर प्रदेश में दो लाख युवाओं को लाभांवित करेगी। इंफ्रास्ट्रक्चर बढ़ाने के साथ ही हाईवे के लिए चालू वित्त वर्ष में बड़ी संभावना नजर आ रही है। साथ ही प्रधानमंत्री ग्रामीण योजना के तहत भी कई विकास कार्य कराए जाएंगे।

### रेलवे डेवलपमेंट के लिए 19,848 करोड़ रुपए मिलेंगे

**करंट क्राइम :** उत्तर प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने कहा है कि रेलवे डेवलपमेंट के लिए मोदी और सरकार बहुत कुछ काम कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश में रेलवे डेवलपमेंट के लिए 19848 करोड़ रुपए दिए जाएंगे। इससे न सिर्फ कई बड़े प्रोजेक्ट पूरे होंगे। साथ ही कई शहरों के लिए बड़ी रेल लाइन भी आधुनिक बनाने का काम किया जाएगा।

### भूपेंद्र चौधरी बोल यूपी थ्री-ट्रिलियन योजना पूरी करेगा

**करंट क्राइम :** उत्तर प्रदेश सरकार बेहतर काम कर रही है और भूपेंद्र चौधरी ने कहा है कि यूपी की सरकार थ्री-ट्रिलियन योजना पूरी करेगी। यहां बिजनेस की अपार संभावना है। उन्होंने कहा कि यूपी में दो से तीन नई इंडस्ट्रियल पार्क भी बनाए जा रहे हैं। साथ ही सरकारी योजना के अंतर्गत पीएम सूर्य योजना के तहत उत्तर प्रदेश के 20 लाख परिवारों को लाभ मिलने वाला है। वहीं उन्होंने यह भी जानकारी दी है कि अयोध्या-इटावा में बड़े स्तर पर सड़क बनाने के साथ ही अन्य योजनाएं चल रही हैं। उन्होंने कहा कि यूपी में बजट को लेकर विशेष ध्यान दिया गया है।



### भूपेंद्र चौधरी ने कहा कांग्रेस का तीसरा सबसे खराब, तो बीजेपी का तीसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

करंट क्राइम : बजट के मामले पर उत्तर प्रदेश भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी गाजियाबाद में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। तो उन्होंने कहा कि जिस तरीके से लोकसभा चुनाव 2024 में भारतीय जनता पार्टी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रदर्शन किया है ,वह भारतीय जनता पार्टी का तीसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। तो वहीं कांग्रेस के अबतक के कार्यकाल में यह तीसरा सबसे खराब प्रदर्शन वोटो और जीत के लिहाज से सामने आया है।

### यूपी में 15 करोड़ लोगों को 5 वर्ष तक मिलेगा मुफ्त राशन

करंट क्राइम : उत्तर प्रदेश सरकार को लगातार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लाभकारी योजना प्रदान कर रहे हैं और यही कारण है कि उत्तर प्रदेश की 15 करोड़ लोगों को अगले 5 वर्ष तक प्रधानमंत्री की वजह से मुफ्त राशन योजना का लाभ आगे भी मिलने वाला है।

### पत्रकार वार्ता में यह रहे उपस्थित

करंट क्राइम : भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी की प्रेसवार्ता के दौरान मंच पर मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, सांसद अतुल गर्ग, प्रदेश महामंत्री सुभाष चंद्रवंशी, कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, महापौर सुनीता दयाल, गोपाल अग्रवाल, देवेंद्र अग्रवाल, सुशील गौतम, संदीप त्यागी, धीरज अग्रवाल, प्रदीप चौधरी मुख्य रूप से उपस्थित थे। तो वहीं कार्यक्रम में पप्पू पहलवान ,अजय शर्मा, संजय कश्यप, तरुण शर्मा, गौरव सोलंकी, नरेश भाटी व राजकुमार सिंह सहित अन्य भाजपा पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# ओबीसी मोर्चा की प्रदेश कार्य समिति की बैठक आज

## मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष, उपमुख्यमंत्री और प्रदेश सरकार के मंत्री बढ़ाएंगे कार्यक्रम की शोभा

**लखनऊ :** भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा के तत्वाधान में सोमवार को ओबीसी मोर्चा की प्रदेश कार्य समिति की बैठक का आयोजन किया जाना है। यह बैठक लखनऊ के विश्वेश्वरैया भवन में आयोजित की जाएगी। प्रदेश कार्य समिति की बैठक में ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र कश्यप ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। कार्यक्रम सफल बनाने के लिए रविवार को बैठक भी आयोजित की गई। उधर भारतीय जनता पार्टी के ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष व उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने बैठक आयोजित की। बैठक में उन्होंने सभी को कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए दिशा निर्देश दिए। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए ओबीसी मोर्चा के अलग-अलग पदाधिकारियों को ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र कश्यप ने जिम्मेदारी सौंपी है। उन्होंने कहा है कि इस कार्यक्रम की सफलता आगे की दिशा तय करेगी।





### ओबीसी समाज पूरी तरह से भाजपा के साथ : नरेंद्र कश्यप

उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा है कि ओबीसी समाज लोकसभा चुनाव में भी पूरे तरीके से भारतीय जनता पार्टी के साथ था और अन्य आयोजनों में भी ओबीसी मोर्चा भारतीय जनता पार्टी के साथ खड़ा रहता है। ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र कश्यप ने कहा है कि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रत्येक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मेहनत कर रहा है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में प्रमुख चेहरे और पार्टी के पदाधिकारी शामिल होंगे।

### मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष और डिप्टी सीएम लेंगे भाग

ओबीसी मोर्चा की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में प्रदेश के सभी प्रमुख चेहरे भाग लेंगे। उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने जानकारी दी है कि इस दौरान उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, डिप्टी सीएम बृजेश पाठक और केशव प्रसाद मौर्य के साथ ही भारतीय जनता पार्टी के उत्तर प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह और प्रदेश सरकार के कई कैबिनेट और स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री कार्यक्रम में उपस्थित होकर 2027 के विधानसभा चुनाव और अन्य गतिविधियों को लेकर मंत्रणा और चर्चा करने का काम करेंगे।

### '2027 में भाजपा सबसे बड़ा दल बनेगा'

उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप एवं ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष का कहना है कि 2027 में भाजपा सबसे बड़ा दल बनेगा। ओबीसी समाज ने अभी से ठान लिया है कि भाजपा को आगामी सभी चुनाव में विजय दिलाने के लिए प्रत्येक पदाधिकारी और कार्यकर्ता अपना योगदान देगा। साथ ही जिस प्रकार से योगी आदित्यनाथ ने पिछड़ों और अति पिछड़ों को लेकर योजनाएं चलाई हैं, उसका भी लाभ ओबीसी समाज को मिलना तय है।

# झाड़ू का त्याग कर व्यापार की ओर बढ़ें सफाई कामगार : सुमित्रा वाल्मीकि

## राष्ट्रीय कार्यकारिणी में रामगोपाल राजा को सर्वसम्मति से राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा की राष्ट्रीय कर्यकारिणी में रविवार को समाज की दिशा और दशा तय की गई। पहले सत्र में राज्यसभा सांसद सुमित्रा वाल्मीकि ने कहा कि सफाई कामगार झाड़ू का त्याग कर व्यापार की ओर अपना कदम बढ़ाएं। साथ ही पढ़े-लिखे लोग राजनीति या अच्छे पदों को शोभित करें ताकि समाज का उत्थान हो सके।



भारतीय वाल्मीकि महासभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक व राष्ट्र के प्रमुख वाल्मीकि प्रतिनिधियों का सम्मेलन कार्यक्रम लोहिया नगर स्थित हिंदी भवन के सभागार में सम्पन्न हुआ। पहले सत्र में राज्यसभा सांसद सुमित्रा वाल्मीकि ने कहा कि समाज के लोगों को खुद अपनी समस्याओं को प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री तक पहुंचाना चाहिए। केवल जनप्रतिनिधियों के सहारे किसी समस्या का हल नहीं किया जा सकता।

**रामगोपाल राजा ने वाल्मीकि समाज के लिए पृथक आरक्षण की पैरवी की :** रामगोपाल राजा ने वाल्मीकि समाज के लिए पृथक आरक्षण की पैरवी करते हुए कहा कि अनुसूचित जातियों में वाल्मीकि समाज लोकसभा व विधानसभाओं में भागीदारी सहित राजकीय सेवाओं में सफाई कर्मचारी के अतिरिक्त सभी अन्य पदों पर बहुत पीछे रह गया है। इसलिए संविधान में आंगल-भारतीयों व अल्प संख्यक समुदाय के लिए किए गए विशेष प्रावधानों के जैसे ही अब स्वच्छकार सफाईकर्मी वाल्मीकि जाति-वर्ग के लिए विशेष पृथक आरक्षण के प्रावधान किए जाने चाहिए।

**कार्यक्रम का संचालन प्रदीप चौहान वाल्मीकि ने किया :** राष्ट्रीय कार्यकारिणी में कार्यवाहक अध्यक्ष रामगोपाल राजा को सर्वसम्मति से राष्ट्रीय अध्यक्ष घोषित किया गया। कार्यक्रम का संचालन अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष प्रदीप चौहान वाल्मीकि ने किया। उत्तरप्रदेश इकाई के प्रदेश महासचिव रिषी वाल्मीकि ने अपने धन्यवाद भाषण में उत्तरप्रदेश के सफाईकर्मी वाल्मीकियों की विभिन्न समस्याओं पर प्रकाश डाला। इतना ही नहीं विधानसभा व विधान परिषद में वाल्मीकि प्रतिनिधित्व पर भी चिंता व्यक्त की। इस पर सदन ने प्रस्ताव पारित कर उत्तरप्रदेश सरकार के मुख्याओं का ध्यान आकर्षित करने की जिम्मेदारी अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष को सौंपी।

### सफाई कर्मचारी व्यापार की ओर अग्रसर हों : सांसद अतुल गर्ग



गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग ने भी सफाई कर्मचारियों को छोटे व्यापार की ओर अग्रसर होने के लिए प्रेरित किया। राष्ट्रीय कार्यकारिणी में स्वच्छकार सफाईकर्मी वाल्मीकि जाति को संविधान के अनुच्छेद 330,332 व 335 में संशोधन करते हुए पृथक आरक्षण दिए जाने,अनुच्छेद 16(4) के प्रावधान अनुसार पिछड़ गए इस वर्ग को सफाई कर्मचारी पदों पर विशेष आरक्षण का उपबंध करने, स्वच्छकारों का शत प्रतिशत पुनर्वास, अनुच्छेद 338 में अतिरिक्त पैरा जोड़ कर सफाई कर्मचारी आयोगों को संवैधानिक दर्जा देने, स्वच्छकार सफाईकर्मी वाल्मीकि जाति को समान राजनीतिक भागीदारी देने आदि विषयों पर चर्चा के बाद निर्णय पारित किए गए।

# '10 साल में 2,95,818 करोड़ दिए, झूठ बोल रही कर्नाटक सरकार', निर्मला सीतारमण ने सामने रखे आंकड़े

**नई दिल्ली।** कर्नाटक समेत कई राज्यों ने शनिवार को नई दिल्ली में हुई नीति आयोग की बैठक का बहिष्कार किया था। दरअसल, कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया ने केंद्रीय बजट में राज्य की अनदेखा आरोप लगाया था। अब रविवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कर्नाटक सरकार के आरोपों का जवाब दिया है।

निर्मला सीतारमण ने कहा कि यह एक ऐसा मुद्दा है जिस पर आपको कर्नाटक में बहुत सी गलत जानकारी मिलती हैं। इसमें सरकार भी शामिल है। आज की सरकार लोगों को बताती हैं कि ओह केंद्र सरकार कर्नाटक को उसका हक नहीं देती है। यह पूरी तरह से झूठ हैं। मैं जवाब देने को तैयार हूं। मगर यह गलत प्रचार है जो कर्नाटक की मौजूदा सरकार करती रहती है, जिसके लिए मुझे खेद है। इससे किसी की मदद नहीं हो रही है।

सीतारमण ने सामने रखे आंकड़े

### कर्नाटक को मिलने वाली केंद्रीय सहायता में हुआ इजाफा

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि कर्नाटक को मिलने वाली केंद्रीय सहायता में पहले से काफी इजाफा हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में इस बारे में बहुत सारी गलत सूचनाएं हैं। उन्होंने कांग्रेस सरकार पर निशाना भी साधा और कहा कि यह झूठ है कि केंद्र कर्नाटक का हक नहीं दे रहा है।

निर्मला सीतारमण ने कहा कि गलत प्रचार से केंद्र सरकार को तो छोड़िए, यहां तक कि कर्नाटक के लोगों को भी तथ्यात्मक जानकारी नहीं मिल रही है। उन्होंने कहा कि 2004 से 2014 के बीच दिल्ली में यूपीए सरकार सत्ता में थी। तब कर्नाटक को 10 वर्षों में सिर्फ 81,791 करोड़ रुपये मिले थे।

# चिकित्सा सेवा में अभूतपूर्व योगदान के लिए संतोष मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल को अवार्ड देकर किया गया सम्मानित



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नोएडा में हुए एक अंतरराष्ट्रीय समारोह में शनिवार को संतोष मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल को चिकित्सा सेवा में अभूतपूर्व योगदान के लिए अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। इस समारोह में इराक, सूडान, कांगो, माली, जेनेवा और ईरान एंबेसी डिप्लोमेट्स उपस्थित थे, जिन्होंने खुले शब्दों में संतोष मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल संतोष डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी की सेवाओं की प्रशंसा तथा शुभकामनाएं दीं। संतोष मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल पिछले 30 सालों से दिल्ली-एनसीआर का सर्वोत्तम चिकित्सा एवं शिक्षा संस्थान रहा है। संतोष संस्था उत्तर प्रदेश का एकमात्र पहला प्राइवेट मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल है जिसने चिकित्सा और शिक्षा के क्षेत्र में नए-नए आयाम स्थापित किए हैं जिससे देश-विदेश के लोग जुड़े हुए हैं व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी सेवाएं दे रहा है।



### 'न्यूनतम दरों पर विशेषज्ञों द्वारा मरीजों का इलाज हमारी प्राथमिकता'

करंट क्राइम। संतोष हॉस्पिटल दिल्ली-एनसीआर में सबसे न्यूनतम दरों पर विशेषज्ञ द्वारा मरीजों का इलाज प्रदान कर रहा है। संतोष हॉस्पिटल शहरों के साथ-साथ गांव में भी अपनी सेवाओं का विस्तार कर रहा है। इस कार्यक्रम में सीएसआर हेड श्वेता चौधरी को विशिष्ट अतिथि बनाया गया था। अलग-अलग देशों के विद्यार्थियों को उन्होंने मेडल व प्रमाण पत्र दिए और उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। श्वेता चौधरी ने कहा कि संतोष हॉस्पिटल इसी मेहनत और लगन से देश-विदेश में अपनी छवि को शिक्षा और चिकित्सा में और मजबूत करेगा तथा अपने इसी सर्वोत्तम प्रदर्शन को निरंतरता में रखेगा। इस कार्यक्रम में एफ्रो एशियाई के को-फाउंडर एवं अध्यक्ष मिस्टर अब्दुल्ला खुमा और संतोष हॉस्पिटल के इंटरनेशनल मार्केटिंग मैनेजर दुष्यंत चौहान और गुरदीप सिंह तेवतिया और मिस्टर संदीप का सराहनीय योगदान रहा।

# विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस पर नगर आयुक्त और महंत नारायण गिरी ने प्राकृतिक संसाधनों के सदुपयोग का दिया संदेश

## विक्रमादित्य सिंह मलिक तथा महंत नारायण गिरी ने दूधेश्वर नाथ मंदिर में किया पौधरोपण

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** म्युनिसिपल कमिश्नर विक्रमादित्य सिंह मलिक जहां शहर के विकास कार्यों को लेकर निरंतर कार्य कर रहे हैं, वहीं शहर के पर्यावरण को बनाए रखने के लिए भी निरंतर प्रयासरत हैं। इसी क्रम में गाजियाबाद नगर निगम जल संचयन, पौधरोपण अभियान, प्रतिबंधित प्लास्टिक के विरुद्ध अभियान तथा स्वच्छता अभियान के क्षेत्र में बढ़-चढ़कर कार्य कर रहा है। 1,45,000 पौधरोपण के उपरांत भी लगातार गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत पौधरोपण की कार्यवाही चल रही है। इसी क्रम में नगर आयुक्त तथा दूधेश्वर नाथ मठ मंदिर से महंत नारायण गिरी ने दूधेश्वर नाथ मंदिर के प्रांगण में ही पौधरोपण किया तथा विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस मनाया गया।

### प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण हम सबकी जिम्मेदारी : नगर आयुक्त

नगर आयुक्त ने शहरवासियों को प्रतिबंधित प्लास्टिक का इस्तेमाल न करने की अपील की, साथ ही अधिक से अधिक पौधरोपण को बढ़ावा देने के लिए भी अपील की गई। नगर आयुक्त ने कहा कि आने वाला कल बेहतर बनाए रखने के लिए पौधा लगाना बेहद जरूरी है। शहर की स्वच्छता तथा वायु गुणवत्ता सुधार हर नागरिक की जिम्मेदारी है जिसके प्रति लगातार कर्तव्य करना बहुत जरूरी है। हर घर को अपने आसपास सफाई तथा पौधरोपण करने हेतु उत्साहित किया गया। गाजियाबाद नगर निगम तालाबों को पुनर्जीवित कर जल संरक्षण का कार्य भी कर रहा है। जल संचयन के लिए भी लगातार निगम की कार्यवाही चल रही है। इसी क्रम में शहरवासियों को जल संचयन तथा अधिक से अधिक पौधरोपण के लिए मोटिवेट किया गया। जल संरक्षण और वायु गुणवत्ता अच्छी बने रहने पर ही कल को मजबूत बनाया जा सकता है। अधिक से अधिक जल संरक्षण और पौधरोपण के लिए अपील की गई है।





### महंत नारायण गिरी ने प्राकृतिक संसाधनों का सदुपयोग करने की अपील की

महंत नारायण गिरी ने भी शहरवासियों को गंदगी न फैलाने, स्वच्छता में सहयोग करने तथा प्राकृतिक संसाधनों का सदुपयोग करने की अपील की। आने वाली पीढ़ियों के लिए प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण पौधरोपण कर किया जा सकता है। अपनी जीवन की कार्य शैली में बदलाव लाकर तथा प्रकृति के लिए अपना दायित्व निभाकर कल को प्रबल बनाने के लिए मोटिवेट किया गया। डॉ. अनुज उद्यान प्रभारी ने बताया कि नगर आयुक्त के निर्देशानुसार जन सहभागिता से पौधरोपण अभियान रफ्तार से चल रहा है। इसी क्रम में विश्व प्राकृतिक संरक्षण दिवस पर आम का पौधा महंत नारायण गिरी ने लगाया। आंवले का पौधा नगर आयुक्त ने लगाया। मियांवकी पद्धति से भी गाजियाबाद नगर निगम ने पूर्व में भी कई पौधे लगाए हैं जो कि अब वृक्ष का रूप ले चुके हैं जिससे ऑक्सीजन में बढ़ोतरी हो रही है। इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग तथा उद्यान विभाग ने संयुक्त रूप से पौधरोपण के लिए निर्देश दिए गए।

# उमस भरी गर्मी के कारण कांवड़िए हो रहे उल्टी-दस्त के शिकार

## शिवभक्तों का किया जा रहा निःशुल्क उपचार

**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** उमस भरी गर्मी के साथ ही कांवड़ लेकर आ रहे शिवभक्त उलटी व दस्त का शिकार हो रहे हैं। इतना ही नही उन्हें उल्टी-दस्त के साथ ही पेट में अनियंत्रित दर्द की शिकायत भी हो रही है। ऐसी स्थिति में भोले के भक्त ही स्वास्थ्य शिविरों में उपचार के लिए पहुंच रहे हैं। राज चौपले के निकट लगे स्वास्थ्य शिविर में शनिवार को 25 से अधिक शिवभक्त भी उपचार के लिए पहुंचे। सेवा शिविर में सेवादर उन्हें निःशुल्क परामर्श व दवाएं उपलब्ध करा रहे हैं। स्वास्थ्य ठीक होने के बाद शिवभक्त अपने गंतव्य को रवाना हो रहे हैं। इतना ही नहीं शिविरों में तैनात कुशल चिकित्सकों का कहना है कि उल्टी-दस्त व पेट में तेज दर्द होने के बाद कुछ कांवड़िए शारीरिक रूप से कमजोर भी दिखाई दे रहे हैं। मौसम में उमस भरी गर्मी के कारण शिवभक्त उल्टी-दस्त व पेट दर्द से ग्रस्त हो रहे हैं। रविवार को मुकेश कुमार नामक शिवभक्त राज चौपले स्थित स्वास्थ्य शिविर में पहुंचा। उन्हें चक्कर व उल्टी हो रही थी। चिकित्सक ने चेक किया तो शरीर में पानी की कमी होने का पता चला। थोड़ी ही देर में हरियाणा निवासी रोहित भी पहुंचा। उनमें भी इसी तरह के लक्षण दिखे। चिकित्सक डॉ. करणपाल सिंह ने उनका उपचार किया। बताया कि उल्टी-दस्त व पानी की कमी के करीब आधा दर्जन मरीज शिविर में देखे गये हैं। उमस भरी गर्मी बीमार होने का कारण है। इसके अलावा शिविर में जो शिवभक्त पट्टी कराने के लिए आ रहे हैं, उन्हें निःशुल्क ग्लूकोज के पैकेट दिए जा रहे हैं। साथ ही समय-समय पर पानी पीने की सलाह दी जा रही है।



# चांदीपुरा वायरस से इसलिए अलर्ट मोड में आई सरकार, मंत्रालय ने ऐसे बनाई इससे निपटने की रणनीति

**नई दिल्ली।** देश के तीन अलग-अलग राज्यों में मिले तीन अलग-अलग वायरस को लेकर केंद्र सरकार लगातार निगरानी कर रही है। गुजरात में चांदीपुरा वायरस तो केरल में निपाह और महाराष्ट्र में जीका वायरस के मामले सामने आए हैं। केंद्र सरकार ने इन मामलों के सामने आने के बाद एक कमेटी का गठन किया है। कमेटी लगातार चांदीपुरा वायरस को लेकर गुजरात और आसपास के राज्यों में निगरानी भी कर रही है। हालांकि केंद्र सरकार की क्विक रिस्पांस टीम के मुताबिक जिन राज्यों में अलग-अलग वायरस के मामले सामने आ रहे हैं वहां पर केंद्र सरकार और राज्य सरकार के साथ समन्वय करके विशेषज्ञों की टीम भेजी जा रही है। रविवार को भी इस टीम की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई है। तीनों राज्यों की वर्तमान स्थिति पर आगे का पूरा प्लान तैयार किया गया है।

केरल में निपाह वायरस की दस्तक के बाद केंद्र सरकार ने क्विक रिस्पांस टीम का गठन कर राज्य सरकार से लगातार संपर्क में है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय से जुड़े अधिकारियों के




मुताबिक फिलहाल केरल के उन सभी इलाकों में जांच अभियान चलाया जा चुका है। जानकारी के मुताबिक फिलहाल वायरस के पूरे राज्य में फैलने की ना तो पुष्टि हुई है और ना ही इस तरीके का कोई अंदेशा है। फिलहाल केंद्र सरकार और राज्य सरकार आपसी समन्वय के साथ संपर्क में आए लोगों को अगले 14 दिनों तक के लिए मॉनिटर कर रही है। फिलहाल एक सप्ताह की रिपोर्ट के मुताबिक केरल में निपाह वायरस के संक्रमण फैलने की कोई भी कड़ी नजर नहीं आई है।

केंद्र सरकार के सामने इस वक्त सिर्फ केरल में निपाह वायरस ही नहीं, बल्कि महाराष्ट्र में जीका वायरस और गुजरात में चांदीपुरा वायरस को लेकर के भी सबसे ज्यादा सतर्कता बरती जा रही है। जानकारी के मुताबिक इस वक्त पूरे देश में सबसे ज्यादा गुजरात में चांदीपुरा वायरस को लेकर चिंता बनी हुई है। जानकारी के मुताबिक गुजरात में अब तक चांदीपुर वायरस से 48 बच्चों की मौत हो चुकी है। जबकि 127 से ज्यादा नए मामले दर्ज हो चुके हैं। गुजरात में लगातार बढ़ रहे हैं मामले और हो रही मौतों के बाद केंद्र सरकार ने पुणे नेशनल इंस्टीट्यूट आफ वायरोलॉजी मैं सैंपल जांच के लिए दोबारा फिर से भेजे हैं। चिकित्सा विशेषज्ञों के मुताबिक सिर्फ गुजरात ही नहीं बल्कि यह खतरनाक वायरस आसपास के राज्यों में भी फैल सकता है। इसमें फिलहाल राजस्थान में भी कुछ मामले संदिग्ध रूप से सामने आए हैं।

गुजरात में लगातार बढ़ रहा है मामलों को देखते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की टीम ने प्रभावी दिलकों का जायजा भी लिया है। इस टीम में शामिल अधिकारियों के मुताबिक प्रभावित इलाकों में भीलोड़ा और मेगराज इलाके में लगातार सघन अभियान चलाया जा रहा है। अधिकारियों के मुताबिक यहां पर मरीजों और इलाके में वायरस फैलाने वाली रेतमक्खी के नमूने भी इकट्ठे करके पुणे की नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ वायरोलॉजी में भेजा गया है। इसके अलावा गुजरात समेत आसपास के राज्यों में भी केंद्र सरकार की टीम और अलग-अलग राज्यों की टीम लगातार मॉनीटरिंग कर रही है

इसी तरीके से महाराष्ट्र में जीका वायरस के मामलों को लेकर भी केंद्र सरकार ने पिछले सप्ताह एक एडवाइजरी जारी की थी। उसके बाद लगातार एक सप्ताह तक महाराष्ट्र के अलग-अलग इलाकों में जीका वायरस के संदिग्धों की पहचान की गई। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अधिकारियों के मुताबिक रिस्पांस टीम ने अलग-अलग राज्यों अलग-अलग राज्य में लिए गए नमूनों को एकत्रित किया गया है। देश के अलग-अलग राज्यों की प्रमुख लैब में जांच की जा रही है। फिलहाल रविवार को अलग-अलग राज्यों मैं हुई बीते सप्ताह की मॉनिटर को लेकर क्योंकि रिस्पांस टीम ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक में अपनी पूरी रिपोर्ट साझा की है।

# अगरतला रेलवे स्टेशन से 23 बांग्लादेशी गिरफ्तार, अवैध तरीके से घुसने की कोशिश कर रहे थे

**अगरतला।** भारत में अवैध तरीके से एंट्री करने के आरोप में सुरक्षाकर्मियों ने एक दलाल सहित कम से कम 23 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने कहा कि सरकारी रेलवे पुलिस (जीआरपी) के जवानों ने शनिवार रात अगरतला रेलवे स्टेशन पर बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया। जब वे गुवाहाटी के रास्ते अन्य भारतीय राज्यों की यात्रा के लिए ट्रेन में चढ़ने की कोशिश कर रहे थे। 19 साल से 40 साल की आयु के बांग्लादेशी नागरिकों और बांग्लादेश के राजशाही डिवीजन के चपैनवाबगंज जिले के निवासियों ने सुरक्षा कर्मियों को बताया कि वे नौकरियों की तलाश में भारत आए थे। राजशाही डिवीजन, बांग्लादेश के उत्तर-पश्चिमी हिस्से में स्थित है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि देश के आठ डिवीजनों में से एक की त्रिपुरा के साथ कोई सीमा नहीं है, लेकिन हाल के दिनों में क्षेत्र के कई नागरिकों ने त्रिपुरा में प्रवेश किया है।

### अवैध प्रवासन पर सख्त निगरानी

त्रिपुरा बांग्लादेश के चटगांव और सिलहट डिवीजनों के साथ 856 किलोमीटर की सीमा साझा करता है। एक सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ) प्रवक्ता ने कहा कि अर्धसैनिक बल बांग्लादेशी नागरिकों की तरफ से अवैध प्रवासन पर कड़ी कार्रवाई कर रहे हैं और सीमावर्ती क्षेत्र में सहयोगी एजेंसियों के साथ निकट समन्वय में निगरानी बढ़ा दी है।

त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा के निर्देश के बाद, बीएसएफ ने अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों के खिलाफ अपना

**संबंध विच्छेद**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं सुनील कुमार पुत्र स्व. देशराज निवासी 208-बी, सेक्टर-1, कामना, वैशाली, गाजियाबाद, यूपी- मैने अपने पुत्र अमन कुमार व उसकी पत्नी लक्ष्मी को आय दिन लड़ाई झगड़ा करने कहना न मानने व अपनी मनमर्जी करने से परेशान होकर अपनी सभी चल और अचल संपत्तियों से बेदखल कर दिया है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वो स्वयं जिम्मेदार होंगे, मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता नहीं होगा।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...

03 ● नई दिल्ली।। सोमवार 29 जुलाई-2024 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




SS PATH LAB & DIAGNOSTIC CENTRE (Your Health is Our Priority)
Ultrasound ✚ Digital X-Ray
ECG ✚ Blood Tests
ब्लड टेस्ट पर 50% छूट
अल्ट्रासाउंड मात्र : ₹800/-
डिजिटल एक्स-रे मात्र : ₹250/-
ई.सी.जी. मात्र : ₹200/-
Lab Director : Dr. Sagar Kashyap (MBBS,MD)
Free Home Collection Facility Available
पता : सी-2, कचहरी रोड, आर.डी.सी. राजनगर, गाजियाबाद
0120-3501102, 9625609360



# मेरठ रोड पर कांवड़ कंट्रोल रूम का हुआ शुभारंभ

## बढ़ गई है बोले बाबा के भक्तों की भीड़

### डीसीपी सिटी राजेश कुमार, सिटी मजिस्ट्रेट अजय और सिविल डिफेंस के वार्डन ललित जायसवाल ने किया उद्घाटन

**गाजियाबाद करंट क्राइम :** सिविल डिफेंस के सहयोग से संचालित होने वाला मेरठ रोड स्थित कांवड़ यात्रा मुख्य कंट्रोल रूम का रविवार को शुभारंभ हो गया। मेरठ रोड स्थित सिविल डिफेंस के इस कांवड़ यात्रा कंट्रोल कैंप का उद्घाटन डीसीपी सिटी जोन राज राजेश कुमार चौरसिया, सिटी मजिस्ट्रेट अजय, एसीपी नंदग्राम रवि सिंह और सिविल डिफेंस के चीफ वार्डन ललित जायसवाल ने रिबन काटकर किया। इस दौरान डीसीपी सिटी ने कंट्रोल रूम का निरीक्षण करते हुए यहां की तैयारी और सिविल डिफेंस के चीफ वार्डन ललित जायसवाल द्वारा किए गए प्रयासों की तारीफ की। उन्होंने कहा कि प्रशासन के लिए इतने बड़े आयोजन में सिविल डिफेंस का जो सहयोग और व्यवस्था रहती है वह गाजियाबाद कांवड़ यात्रा को सफल बनाती है। इस मौके पर जिला सूचना अधिकारी वाईपी सिंह भी उपस्थित रहे।





### हाईटेक कंट्रोल रूम बनाया गया है पूरी तरह एसी

करंट क्राइम : मेरठ रोड पर लंबे समय से सिविल डिफेंस के सहयोग से जिला प्रशासन, पुलिस और नगर निगम यहां बड़ा कांवड़ यात्रा कंट्रोल रूम का निर्माण करता है। पूरे जिले की कांवड़ यात्रा पर यही से निगरानी होती है। अधिकारी यहां कांवड़ यात्रा पर निगरानी रखने के साथ ही दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर में हो रहे जलाभिषेक और व्यवस्थाओं को भी लाइव देख सकते हैं। कंट्रोल रूम के भीतर यहां चार बड़ी स्क्रीन लगाई गई हैं। जिसमें लगभग 200 से अधिक सीसीटीवी की फीड लाइव देखी जा सकती है। इसके साथ ही यह कंट्रोल रूम पूरी तरीके से एयर कंडीशन बनाया गया है। यहां अधिकारी बैठ सकते हैं और वह कांवड़ यात्रा की अन्य गतिविधियों पर ध्यान भी रखते हैं। इसके साथ ही यहां एक मेडिकल स्वास्थ्य कैंप और दवा वितरण केंद्र भी बनाया गया है।

### कंट्रोल रूम देता है कई सामाजिक संदेश

करंट क्राइम : सिविल डिफेंस के चीफ वार्डन ललित जायसवाल का कहना है कि हर साल बनाए जाने वाला कांवड़ यात्रा कंट्रोल रूम सामाजिक संदेश भी देता है। कांवड़ यात्रा के इस कंट्रोल रूम में प्लास्टिक का उपयोग न करने, भोजन थाली में उतना लेने का संदेश भी देता है कि भोजन नाली में व्यर्थ न जाए। इसके साथ ही भोले बाबा के भक्तों की सेवा करने का नजारा भी यहां प्रतिदिन दिखाई देता है। यहां कांवड़ यात्रा के दौरान शुद्ध शाकाहारी और पौष्टिक भोजन शिव भक्तों को परोसने का काम किया जाता है। इसके साथ ही यहां स्वच्छ पेयजल और आरामदायक हवादार स्थान भी कांवड़ियों को उपलब्ध कराया जाता है।

### रोजाना बनाए जाते हैं अलग-अलग पकवान

करंट क्राइम : सिविल डिफेंस की देखरेख में मेरठ रोड पर चलने वाले कांवड़ यात्रा कंट्रोल रूम में यहां जानकारी दी गई है कि कैंप में प्रतिदिन अलग-अलग पकवान भी भोले बाबा के भक्तों को परोसे जाते हैं। वहीं इस मौके पर अनिल अग्रवाल, डिप्टी डिविजनल वार्डन कैंप प्रभारी एके जैन, एके ठाकुर के साथ ही रमन सक्सेना, नीतिश सिंह, विनोद शर्मा, आशिक अली, अमित अग्निहोत्री, याकूब डब्बा, विनय सिंह, अनिल सिंह, सतवीर, किशोरी लाल, रविंद्र प्रताप सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।



### एडिशनल सीपी दिनेश कुमार पी ने किया दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर का निरीक्षण





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** आज सावन मास का दूसरा सोमवार पड़ रहा है। दूसरे सोमवार पर शिव भक्तों की भीड़ अधिक रहने की संभावना है। वहीं धीरे-धीरे कांवड़ियों की भीड़ बढ़ रही है। इसी के मद्देनजर रविवार को एडिशनल सीपी पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद दिनेश कुमार पी ने मंदिर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने घंटाघर कोतवाली एसीपी रितेश त्रिपाठी, एसीपी कवि नगर अभिषेक श्रीवास्तव, एसीपी रविंद्र वर्मा व अन्य पुलिस बल के साथ यहां के सुरक्षा इंतजाम की जानकारी ली। इस दौरान दिनेश कुमार पी ने शिव भक्तों से भी मुलाकात की। वहीं मंदिर के महंत नारायण गिरी से भी दूसरे सोमवार पर होने वाली भीड़ के संबंध में बातचीत की। यहां लगाई गई बैरिकेडिंग और अन्य व्यवस्थाओं का भी उन्होंने जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को राउंड द क्लॉक ड्यूटी करने के साथ ही हर गतिविधि पर नजर रखने का निर्देश दिया है।

# तीन सवालों के बाद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने खत्म कर दी प्रेस कॉन्फ्रेंस

## कहा सिर्फ बजट पर करें सवाल और फिर कह दिया थैंक्स!



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी रविवार को गाजियाबाद आये। वो यहां बजट पर आयोजित संगोष्ठी में भाग लेने आये थे। बजट को लेकर जो सवाल थे उनका जवाब देने आये थे। वो बताने आये थे कि ये बजट जनता के हित में है और उन्होंने अपनी बात को बताया भी। लेकिन जिन्हें बताया वो सब भाजपा के सपोटर थे। मगर जब बारी मीडिया की आई तो वन-टू-थ्री हो गया और तीन सवालों के बाद पूरा शैशन फ्री हो गया।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी ने सबसे पहले गोष्ठी को सम्बोधित किया और फिर वो मीडिया से रूबरू हुआ। सवाल मीडिया के थे और जवाब भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को देना था। लेकिन ऐसा क्या हुआ कि तीन सवालों के बाद ही भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि सिर्फ बजट पर सवाल करें। वो बाकी सवालों से बचते नजर आये और फिर उन्होंने ये कहा कि केवल बजट से जुड़े सवाल पूछे और जब बजट से जुडे सवाल में विपक्ष आ गया तो भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने प्रेस वार्ता खत्म कर दी। वन-टू-थ्री के बाद चौथा सवाल आते ही प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी उठकर चले गये। हालांकि उन्होंने जाने से पहले शालीनता से मीडिया का थैंक्स किया और फिर वो प्रेस वार्ता खत्म हो गई।

### 15 मिनट तक गिनाईं बजट की खूबियां



करंट क्राइम। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी गाजियाबाद आये और बजट को लेकर उन्होंने सरकार का पक्ष रखा। उन्होंने बजट को आम जनता के लिए लाभकारी बताया। व्यापारियों के लिए लाभकारी बताया और वो लगातार 15 मिनट तक बजट के फायदों पर बोलते रहे। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश को इस बजट में बहुत कुछ मिला है। उन्होंने बताया कि इस बजट में केन्द्र ने उत्तर प्रदेश को क्या क्या लाभ दिये हैं और लगातार 15 मिनट तक भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी बजट पर बोलते रहे।

### इंटनरल जंग के प्रश्न से हुई टेंशन या दिल्ली के सवाल पर नहीं देना था जवाब

करंट क्राइम। सरकार वालों में इंटरनल तकरार चल रही है। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या के बयान पर भगवा सियासत गरमाई हुई है। लखनऊ वाले दिल्ली विजीट कर रहे हैं आखिर इतनी विजिट क्यों हो रही है। क्या लखनऊ में सबकुछ सही नहीं चल रहा है। कुछ सवाल थे जिनको लेकर भाजपा संघ के प्रदेश अध्यक्ष ने सेफ साइड वाला रूख अख्तियार किया। कुछ सवाल ऐसे थे जो जवाब में तब्दील ही नहीं हो पाये। यहां सवाल हवा में रह गये। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या और योगी आदित्यनाथ की इतनी दिल्ली परिक्रमा के मायने क्या है। ये सवाल भी सवाल ही रह गया। विपक्ष बजट को निशाने पर ले रहा है और आप बजट को लोकहित का बता रहे हैं। ये कुछ सवाल थे जो सवाल ही रह गये जो पूछे नहीं जा सके। इससे पहले कि ये सवाल होते उससे पहले ही प्रदेश अध्यक्ष ने चौथे सवाल पर प्रेसा वार्ता ही खत्म कर दी।

# बाल्मीकि समाज का ऑल इंडिया सम्मेलन देकर गया है एक संदेश महान

### संघर्षशील नेता के रूप में अपनी एक मजबूत पहचान लिए हुए है प्रदीप चौहान



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** रविवार को जब बाल्मीकि समाज का राष्ट्रीय सम्मेलन गाजियाबाद में हुआ तो यह तय हो गया कि प्रदीप चौहान भले ही राजनीतिक रूप से भाजपा के नेता हैं लेकिन वो बाल्मीकि समाज के काफी मजबूत नेता हैं। यह सम्मेलन ये संदेश देकर गया है कि बाल्मीकि समाज में प्रदीप चौहान का अपना एक अलग बेस है। 18 राज्यों के प्रतिनिधि इस सम्मेलन में आये और केवल बाल्मीकि समाज नहीं बल्कि यहां लोकसभा सांसद से लेकर धर्मगुरू तक आये। ये प्रदीप चौहान का अपना जलवा था कि उनके सम्मेलन में बाल्मीकि समाज के लोगों ने भाग लिया और उनके समर्थकों की एक बड़ी भीड़ हाल के अंदर से लेकर बाहर तक मौजूद थी।

चर्चा है कि ये सम्मेलन प्रदीप चौहान की राजनीति में एक मील का पत्थर साबित होगा क्योंकि ऐसे सम्मेलन रोज रोज नहीं होते हैं। ये राष्ट्रीय सम्मेलन था और इसमें बाल्मीकि समाज के संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष का भी चुनाव हुआ। आन्ध्र प्रदेश तेलगू देशम पार्टी के सांसद अम्बिका लक्ष्मी बाल्मीकि सहित राज्यसभा सांसद सुमित्रा बाल्मीकि मौजूद थी। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग मौजूद थे और श्रीदूधेश्वर नाथ सिद्धपीठ के महंत नारायण गिरी मौजूद थे। इसी सम्मेलन में डॉ रामगोपाल राजा राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में चुने गये। सम्मेलन में प्रदीप चौहान का पद इसलिए बड़ा है क्योंकि इस कार्यक्रम के आयोजन की जिम्मेदारी उन्हें दी गई थी और उन्होंने इसे सफलतापूर्वक पूरा किया। प्रदीप चौहान गाजियाबाद वालों के लिए पूर्व पार्षद हैं। क्षेत्रीय महामंत्री अनुसूचित मोर्चा हैं। दर्जनों संस्थाओं से जुड़े हैं और उनकी सबसे बड़ी पहचान सफाई कर्मचारियों के नेता के रूप में है।

बाल्मीकि समाज के नेता के रूप में है और इसी पहचान से वो बाल्मीकि समाज के संगठन के उत्तर प्रदेश अध्यक्ष भी हैं। रविवार को जब बाल्मीकि समाज का सम्मेलन हुआ तो यहां प्रदीप चौहान का मैनेजमेंट दिखाई दिया। भीड़ उनकी, लोग उनके, व्यवस्था उनकी और वो मंच अपने समाज के नेताओं को दे रहे थे। अपने समाज के नेताओं को सम्मान दे रहे थे और खास बात ये रही कि मंच से सभी ने प्रदीप चौहान की तारीफ की, उनकी व्यवस्था की तारीफ की। उपचुनाव से पहले जब दावेदारी की बात चल रही है तो ऐसे में प्रदीप चौहान द्वारा कराया गया ये बड़ा और सफल कार्यक्रम एक बड़ा मैसेज देकर गया है।

# बसपा की गाजियाबाद कार्यकारिणी हुई घोषित

## कोषाध्यक्ष पद पर हुआ परिवर्तन और कार्यकारिणी में जुड़ा नया नाम

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** बहुजन समाज पार्टी की गाजियाबाद टीम घोषित हो गई है। टीम में दो परिवर्तन हुए हैं। संशोधित टीम में जिलाध्यक्ष दयाराम सेन हैं और जिला उपाध्यक्ष पद मुनव्वर चौधरी के पास है। जिला महासचिव पद पर ओमबीर सिंह और जिला सचिव पद पर मनोज जाटव की नियुक्ति की गई है। जिस पद पर परिवर्तन हुआ है वह जिला कोषाध्यक्ष का पद है। पहले इस पद पर पवन शर्मा थे अब उनके स्थान पर पार्षद ओमपाल भाटी को जिला कोषाध्यक्ष बनाया गया है। इसी तरह जिला कार्यकारिणी सदस्य में असलम मंसूरी को स्थान मिला है। जिला कार्यकारिणी सदस्य अजीत जाटव हैं। जिला संयोजक बीवीएफ धीर सिंह गौतम हैं।

### राष्ट्रीय महासचिव मुनकाद अली की संस्तुति पर हुई है टीम घोषित



करंट क्राइम। बसपा की जिला टीम पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के निर्देश पर और राष्ट्रीय महासचिव मुनकाद अली की संस्तुति पर घोषित हुई है। इसके अलावा संस्तुति वाली टीम में सेक्टर प्रभारी राजकुमार गौतम, सेक्टर प्रभारी तथा पूर्व सांसद गिरीश चंद जाटव, सेक्टर प्रभारा दारा सिंह प्रजापति, मंडल प्रभारी मेरठ कमल सिंह राज, मंडल प्रभारी कुलदीप जाटव, रवि कुमार जाटव, मंडल प्रभारी राजेन्द्र कुमार, मेघानन्द जाटव की संस्तुति पर जिला कमेटी घोषित की गई है।

# हेलमेट पहनकर करता था लूट, पुलिस ने पैर में गोली मारकर किया गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** शालीमार गार्डन पुलिस की शनिवार रात राजेन्द्र नगर में डीएवी स्कूल के पास एनसीआर में चेन और फोन लूटने वाले बदमाशों के सरगना से मुठभेड़ हो गई। पीछा करने पर उसने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में टीम ने उसे पैर में गोली मारकर घायल कर दिया। उससे चोरी की बाइक, तमंचा और कारतूस के अलावा ढाई हजार रुपए मिले हैं।



एसीपी शालीमार गार्डन सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि मुठभेड़ में घायल अनस पुत्र नफीस निवासी राजीव कॉलोनी डीएलएफ थाना शालीमार गार्डन को गिरफ्तार किया है। उसे शनिवार रात 12 बजे के बाद टीम ने ईएसआईसी अस्पताल के सामने चेकिंग के दौरान रोका था। तभी उसने पुलिस पार्टी पर तमंचे से फायरिंग कर दी और राम मनोहर लोहिया पार्क की तरफ बाइक से भागने लगा।

टीम ने तुरंत वायरलेस पर मैसेज थाने में बदमाश के भागने की सूचना दी। पुलिस टीम ने दोनों तरफ से घेराबंदी करते हुए अनस को दव स्कूल के गेट नंबर 3 की तरफ घेर लिया। वह तेज रफ्तार में बाइक से चलने से सड़क पर गिर पड़ा। पैर में गोली लगने से घायल अनस को टीम ने तुरंत पकड़ कर उसकी तलाशी ली। जिसमें एक तमंचा 315 बोर, कारतूस, चोरी की बाइक और विभिन्न लूट की घटनाओं से संबंधित ढाई हजार रुपए बरामद किए हैं। पुलिस पूछताछ में पता चला कि वह चेन और फोन लूटने वाले गिरोह का सरगना है। दिनदहाड़े लूट की घटना करने के लिए वह भी अपने साथियों के साथ हेलमेट पहनकर बाइक पर साथ चलता था।

## संपादकीय

# जानलेवा रफ्तार

दिल्ली से सटे नोएडा में तीन लोग सड़क के किनारे सो रहे थे, तब एक वाहन चालक उन तीनों को बुरी तरह कुचल कर फरार हो गया। उनमें से दो की मौत हो गई, तीसरा बुरी तरह घायल हो गया।

सड़क हादसों में ज्यादातर की वजह कुछ वाहन चालकों की ऐसी लापरवाही होती है, जिसमें इस बात का खयाल रखना जरूरी नहीं समझा जाता कि अन्य व्यक्ति के जीवन का भी कोई मोल है। यह सही है कि बहुत सारे लोग सड़क पर सावधानी और जिम्मेदारी से वाहन चलाते हैं और इस तरह वे सड़क पर सफर कर रहे अन्य लोगों के साथ-साथ अपनी जिंदगी की भी सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं। मगर ऐसे लोगों की भी कमी नहीं है, जो शायद यह मान कर चलते हैं कि उनके लिए दूसरों के जीवन की कोई अहमियत नहीं है।

दिल्ली से सटे नोएडा में तीन लोग सड़क के किनारे सो रहे थे, तब एक वाहन चालक उन तीनों को बुरी तरह कुचल कर फरार हो गया। उनमें से दो की मौत हो गई, तीसरा बुरी तरह घायल हो गया। इतना तय है कि हादसे के शिकार लोगों के पास शायद फिलहाल वही ठिकाना था और वे सड़क किनारे की किसी जगह को सुरक्षित मान कर वहां सो रहे थे। अगर किसी बेलगाम वाहन ने उन्हें कुचल डाला, तो इसे चालक की आपराधिक लापरवाही ही कहा जाना चाहिए। निश्चित रूप से सड़कों के किनारे आसपास की जगहें सोने के लिए नहीं होती हैं और वहां हमेशा जोखिम बना रहता है। मगर एक समस्या यह है कि महानगरों में रोजी-रोटी की तलाश में आए किसी व्यक्ति के पास अगर पैसे का अभाव या किसी मजबूरी की वजह से रहने का ठिकाना नहीं है, तो उसे कई बार सड़कों के किनारे या फुटपाथों पर सोना पड़ जाता है। सरकार की ओर से घोषित तौर पर रैन बसेरे जैसी व्यवस्था है, लेकिन या तो वह बेघर लोगों की संख्या के लिहाज से अपर्याप्त है या फिर इस कदर कुव्यवस्था का शिकार है कि वहां ज्यादातर लोग नहीं जाना चाहते। अक्सर ऐसे हादसों की खबरें आती रहती हैं, जिनमें किसी वाहन चालक की लापरवाही की वजह से फुटपाथ पर सो रहे लोगों की कुचल कर मौत हो गई। यह समझना मुश्किल है कि इस तरह वाहन चला रहे किसी व्यक्ति को कितनी हड़बड़ी और कैसी बेफिक्री होती है कि उसे सड़क पर मौजूद अन्य लोगों की जिंदगी और हालात की अहमियत समझना जरूरी नहीं लगता।

# मस्क ने जुकरबर्ग को फिर दी लड़ाई की चुनौती

## बोले : किसी भी जगह, किसी भी वक्त लड़ लें



**नई दिल्ली।** मस्क ने कहा कि मैं जुकरबर्ग से किसी भी जगह, किसी भी समय, किसी भी नियम के साथ लड़ूंगा। मस्क का बयान सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इसके बाद जुकरबर्ग का बयान आया। उन्होंने कहा कि क्या हम वास्तव में ऐसा कर रहे हैं? टेक जगत के दो बड़े दिग्गज एलन मस्क और मार्क जुकरबर्ग के बीच एक बार फिर शब्दों की लड़ाई छिड़ गई है। अब मस्क ने मेटा के सीईओ से मार्क जुकरबर्ग से किसी भी जगह, किसी भी समय, किसी भी नियम के साथ लड़ने की बात कही है। इसके बाद से सोशल मीडिया पर प्रतिक्रियाओं का दौर शुरू हो गया है। दरअसल अमेरिकी संसद में इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के भाषण कार्यक्रम के दौरान मस्क ने एक बार फिर मार्क जुकरबर्ग के खिलाफ प्रतिक्रिया की। मस्क ने कहा कि मैं जुकरबर्ग से किसी भी जगह, किसी भी समय, किसी भी नियम के साथ लड़ूंगा। मस्क का बयान सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इसके बाद जुकरबर्ग का बयान आया। उन्होंने कहा कि क्या हम वास्तव में ऐसा कर रहे हैं? वहीं दोनों टेक दिग्गजों के बीच फिर शुरू हुए शब्द वार को लेकर प्रतिक्रियाएं आने लगीं। यूजर्स ने लिखा कि कोई जुक से पूछेगा तो वह यही कहेंगे कि मस्क गंभीर नहीं हैं। इसलिए इस पर चर्चा नहीं करनी चाहिए। एंक यूजर ने लिखा कि ऐसा लग रहा है कि दोनों दिग्गज अपनी प्रतिद्वंद्विता को बढ़ा रहे हैं, लेकिन डिजिटल वर्चस्व की लड़ाई शारीरिक लड़ाई में बदल रही है। एक अन्य यूजर ने यह तक कहा कि मुझे लगता है कि दोनों गोपनीय तौर पर अच्छे दोस्त हैं।

### पिछले साल केज फाइटिंग के लिए कहा था

मार्क जुकरबर्ग और एलन मस्क के बीच प्रतिस्पर्धा लगातार चर्चा में रही है। पिछले साल मस्क ने जुकरबर्ग को केज फाइटिंग के लिए चेताया था। मेटा के थ्रेड्स सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म की लॉन्चिंग के बाद 52 वर्षीय मस्क और 39 वर्षीय जकरबर्ग के बीच सार्वजनिक प्रतिद्वंद्विता तेज हो गई। थ्रेड्स को लेकर कहा जा रहा है कि यह एक्स (पूर्व में ट्विटर) की कॉपी है। खास यह है कि मस्क ने चुनौती मेटा के एआई मॉडल के लिए जुकरबर्ग की प्रशंसा के अगले दिन आई है।

# बिकवाली से एफपीआई घटकर 2,916 करोड़ रहा



**नई दिल्ली।** नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लि. (एनएसडीएल) के आंकड़ों के अनुसार, पिछले सप्ताह विदेशी निवेशकों ने भारतीय बाजारों में 15,420 करोड़ रुपये डाले, लेकिन 22-26 जुलाई के सप्ताह में उनकी खरीद में उल्लेखनीय गिरावट आई है। जुलाई में अब तक इक्विटी बाजार में एफपीआई का शुद्ध निवेश 33,688 करोड़ रुपये रहा है। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, कि बजट 2024-25 ने बाजार में कोई खास उत्साह नहीं जगाया है। टाटा समूह और सिंगापुर एयरलाइंस की संयुक्त उद्यम विस्तारा एयरलाइंस ने शनिवार को घोषणा की कि वह अपनी अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में 20 मिनट की कॉम्प्लमेंटरी वाई-फाई इंटरनेट कनेक्टिविटी प्रदान करेगी। कंपनी ने कहा कि यह सेवा उसके बोइंग 787-9 ड्रीमलाइनर और एयरबस ए-321 विमान की ओर से संचालित सभी केबिन श्रेणियों की उड़ानों पर उपलब्ध है। विस्तारा यह सुविधा देने वाली पहली भारतीय एयरलाइन है। 20 मिनट के कॉम्प्लमेन्टरी वाई-फाई के जरिये ग्राहक क्रेडिट या डेबिट कार्ड का इस्तेमाल कर वाई-फाई का प्लान खरीद सकते हैं। ग्राहकों को यह सेवा ईमेल के माध्यम से वन-टाइम पासवर्ड के जरिये उपलब्ध हो जाएगी।


# टॉप-10 कंपनियों में सबसे ज्यादा बढ़ा एलआईसी का मार्केट कैप




**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार में तेजी का ट्रेंड जारी है। इसके कारण शेयर बाजार में सूचीबद्ध कंपनियों का मार्केट कैप भी बढ़ रहा है। बीते सप्ताह बाजार पूंजीकरण के आधार पर देश की शीर्ष 10 कंपनियों में से छह के मार्केट कैप में 1.85 लाख करोड़ रुपये की बढ़त हुई। इसमें सबसे अधिक फायदा लाइफ इंश्योरेंस कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एलआईसी) और इन्फोसिस को हुआ है। हालांकि, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एसबीआई, आईसीआईसीआई बैंक और एचयूएल के बाजार पूंजीकरण में कमी देखने को मिली है। पिछले सप्ताह निफ्टी ने 1.24 प्रतिशत और सेंसेक्स ने 0.90 प्रतिशत का रिटर्न दिया। गत 26 जुलाई को समाप्त कारोबारी सप्ताह में देश की सबसे बड़ी बीमा कंपनी एलआईसी का बाजार पूंजीकरण 44,907 करोड़ रुपये बढ़कर 7,46,602 करोड़ रुपये हो गया। इन्फोसिस का बाजार पूंजीकरण 35,665 करोड़ रुपये बढ़कर 7,80,062 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। आईटीसी का बाजार पूंजीकरण 35,363 करोड़ रुपये बढ़कर 6,28,042 करोड़ रुपये हो गया है। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का मार्केट कैप 30,826 करोड़ रुपये बढ़कर 15,87,598 करोड़ रुपये हो गया है। वहीं, भारती एयरटेल का बाजार पूंजीकरण 30,282 करोड़ रुपये बढ़कर 8,62,211 करोड़ रुपये हो गया है। एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 8,140 करोड़ रुपये बढ़कर 12,30,842 करोड़ रुपये हो गया है। वहीं, रिलायंस इंडस्ट्रीज का मार्केट कैप 62,008 करोड़ रुपये गिरकर 20,41,821 लाख करोड़ रुपये रह गया है। आईसीआईसीआई बैंक का मार्केट कैप 28,511 करोड़ रुपये गिरकर 8,50,020 करोड़ रुपये हो गया है। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का बाजार पूंजीकरण 23,427 करोड़ रुपये कम होकर 7,70,149 करोड़ रुपये, हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड (एचयूएल) का मार्केट कैप 3,500 करोड़ रुपये गिरकर 6,37,150 करोड़ रुपये रह गया है।

# ट्रंप ने अमेरिका को बिटकॉइन सुपरपावर बनाने का किया वादा

## क्रिप्टो सलाहकार परिषद स्थापित करने की घोषणा की



**नई दिल्ली।** अमेरिका में इस साल नवंबर में राष्ट्रपति चुनाव होना है। राष्ट्रपति जो बाइडन इस दौड़ से बाहर हो चुके हैं। जो बाइडन की जगह डेमोक्रेटिक ने अब उप राष्ट्रपति कमला हैरिस को उम्मीदवार के तौर पर उतारा। राष्ट्रपति चुनाव की दौड़ में कमला हैरिस की एंट्री के बाद से मुकाबला कड़ा हो गया। इस बीच पूर्व राष्ट्रपति और रिपब्लिकन उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका को बिटकॉइन सुपरपावर बनाने का वादा किया। उन्होंने आगे कहा कि अगर वह व्हाइट हाउस में दोबारा लौटे तो पूरे उद्योग के लाभ के लिए पारदर्शी नियामक मार्गदर्शन तैयार करने के लिए एक सलाहकार परिषद नियुक्त करेंगे। हालांकि, उन्होंने डिजिटल मुद्रा के औपचारिक संघीय रिजर्व का प्रस्ताव देने से इनकार कर दिया।

ट्रंप ने शनिवार को बिटकॉइन सम्मेलन को संबोधित किया। अपने संबोधन में उन्होंने सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन के अध्यक्ष गैरी जेन्सलर को बर्खास्त करने और रणनीतिक राष्ट्रीय बिटकॉइन भंडार बनाने का वादा किया। 78 वर्षीय ट्रंप ने कहा, मैं यह सुनिश्चित करने के लिए योजना बना रहा हूं कि अमेरिका ग्रह की क्रिप्टो राजधानी और दुनिया की बिटकॉइन महाशक्ति होगा। बता दें कि बिटकॉइन दुनिया की व्यापक रूपसे अपनाई जाने वाली पहली क्रिप्टोकरेंसी है।

### ट्रंप ने कमला हैरिस को लेकर दी चेतावनी

ट्रंप ने इसकी भी चेतावनी दी कि अगर उप राष्ट्रपति कमला हैरिस राष्ट्रपति बनती है तो बिटकॉइन निवेशकों को कुचल दिया जाएगा। उन्होंने कहा, वे (डेमोक्रेटिक) आपका गला घोंटना चाहते हैं। वे आपको व्यवसाय से बाहर करना चाहते हैं। हम ऐसा होने नहीं देंगे। और अब आपकी सरकार बिटकॉइन से जुड़ी नौकरियों और व्यवसायों को दूसरे देशों में भागते हुए चुपचाप देखती नहीं रहेगी, क्योंकि अमेरिका के कानून बहुत सख्त हैं। हम अमेरिका में सभी बिटकॉइन नौकरियां रखेंगे। डोनाल्ड ट्रंप वार्षिक क्रिप्टोकरेंसी कॉन्फ्रेंसी को संबोधित करने वाले प्रमुख पार्टी उम्मीदवार हैं।

## राशिफल

**मेष :** व्यापार के संदर्भ में रुके हुए कार्य पूर्ण होने की ओर गति बढ़ाएंगे। नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को जल्द ही सफलता मिलेगी।

**वृष :** आज का दिन आपके लिए अच्छे परिणाम लेकर आएगा और यह परिणाम व्यापार से जुड़ा हो सकता है, नए व्यवसाय में पैसा लगाने से भी दोगुना धन लाभ हो सकता है।

**मिथुन :** आज आप जितना दूसरों की मदद करेंगे उतना ही आपको खुद भी उतना ही फायदा होगा। नौकरी में तरक्की होगी।

**कर्क :** आप अकादमिक रूप से बहुत सफल होंगे और आपका नाम और प्रसिद्धि व्यापक होगी। आप अच्छे स्वास्थ्य का आनंद लेंगे।

**सिंह :** आज का दिन आपके लिए उत्तम है। मन मुताबिक सारे काम पूरे होंगे। सकारात्मक विचारों से खुश होकर बॉस आपको कोई उपयोगी वस्तु उपहार में दे सकता है।

**कन्या :** आपको काम के सिलसिले में यात्रा करनी पड़ सकती है। लेकिन लंबा सफर थका देने वाला रहेगा। किसी के प्रति निष्ठा रखने से आप लोगों का दिल जीत सकते हैं।

**तुला :** आज आप में से कुछ लोगों को अपने बिजनेस पार्टनर या करीबी सहयोगी से परेशानी हो सकती है। व्यवसाय से संबंधित यात्राएं वांछित परिणाम नहीं देंगी।

**वृश्चिक :** आपका दिन अच्छा बीतेगा। आज आप गुस्सैल लोगों और बिगड़े रिश्तों को मनाने की कोशिश करेंगे, हो सकता है कि नाराज लोग भी सहमत हों।

**धनु :** आज का दिन खुशियों से भरा रहेगा, क्योंकि आपका जीवनसाथी आपको सुख देने के लिए हर संभव प्रयास करेगा। जीवनसाथी आज आपके प्रति संवेदनशील रहेगा।

**मकर :** यात्रा अधिक हो सकती है। आपको अपने वरिष्ठों और अधिकारियों से मदद और पुरस्कार मिल सकता है। कार्यस्थल पर आप प्रशंसा के पात्र होंगे।

**कुंभ :** आज का दिन आपके लिए बेहतर रहेगा। आज आपके सभी रुके हुए काम पूरे हो सकते हैं। साथ ही आज परिवार वालों को आपसे काफी उम्मीदें होंगी।

**मीन :** आज स्वास्थ्य के मामले में आपका दिन सामान्य रहेगा। सरकारी अधिकारियों से संपर्क रहेगा। आज का दिन आपके लिए खुशियों भरा रहेगा।

## चुटकुले

एक महिला के पास फोन आया –
आपका बेटा हमारे पास है, 25000 लेकर आओ...!
महिला – मैं पुलिस को फोन करती हूं...!
फोन करने वाला – हम पुलिस ही बोल रहे हैं,
आपके बेटे का अपहरण नहीं, चालान हुआ है...!

---

एक शराबी शराब पीकर एक अर्थी से टकरा गया...!
लाश गिर गई, लोग शराबी को पीटने लगे...!
शराबी – अबे जो गिरा वो तो कुछ बोल नहीं रहा,
तुम काहे नेता बन रहे हो...!

---

पार्क के सूचना पट्ट पर एक सुविचार लिखा था...!
'पेड़ पर अपनी माशूका का नाम लिखने से बेहतर है,
उसके नाम पर एक पेड़ लगाएं'।
ये बात पप्पू के दिल को छू गई...!
उसी दिन उसने गर्लफ्रेंड्स की गिनती की
और आखिर में एक बीघा जमीन लेकर गन्ना बो डाला...!

## रोचक तथ्यों का करंट

- दुनिया का सबसे बड़ा परिवार भारत में रहता है। इस परिवार में एक व्यक्ति की 39 पत्नियां और 94 बच्चे हैं। यह सभी लोग 100 कमरों के 4 मंजिला घर में रहते हैं।
- हॉलीवुड स्टार ब्रैड पिट को फिल्म 'सेवेन ईयर इन तिब्बत' में काम करने की वजह से चीन में जाने की पाबंदी है।
- आपके दोस्त आपकी जरूरत हैं। उनके साथ होने से होने से आपके शरीर की क्षमता 75 प्रतिशत तक बढ जाती है।
- जो लोग दूसरों की मदद करने में खुशी महसूस करते हैं उनकी उम्र लंबी होती है और उन्हें कम मानसिक दबाव होता है।
- अगर आपको कोई फैसला लेने में कठिनाई आ रही है एक सिक्का हवा में उछालिए। इसके नतीजे पर आपको फैसला नहीं लेना है बल्कि जब सिक्का हवा में ही होगा आप को समझ आ जाएगा आप असलियत में क्या चाहते हैं।
- जब आप खुश होते हैं आप गाने की धुन का आनंद उठाते हैं और अगर आप दुखी होते हैं तो आप गीत के शब्दों को समझते हैं।
- नाखून को शुरुआती हिस्से से आखिरी हिस्से तक बढने में पूरे 6 महीने लगते हैं।

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी



## न्यूज डायरी

### तीन युवकों ने 12 वर्षीय बच्ची का किया अपहरण

**मुरादनगर (करंट क्राइम)।** नगर क्षेत्र के एक गांव के एक निवासी 12 वर्षीय किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। पिता ने एक व्यक्ति पर अपहरण करने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी है। एक गांव निवासी एक व्यक्ति परिवार सहित रहते है। उनकी पुत्री 12 वर्षीय कक्षा पांच की छात्रा है। उनका आरोप है कि गांव निवासी शादाब व जोनी मेरी बेटी को घर से ले गए। इसके बाद गांव के बाहर से सद्दाम निवासी गुलावठी बुलन्दशहर बच्ची को अपने साथ ले गया। पीड़ित ने इस संबंध में थाने में तहरीर दी है। एसीपी ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी गई है।

### खाते से निकाले 55 हजार रुपए, रिपोर्ट दर्ज

**मुरादनगर (करंट क्राइम)।** नगर क्षेत्र की सक्को वाली कॉलोनी निवासी एक युवक से एकाउंट में पैसे दिलाने की बात कहकर 55 हजार रुपए ठगने का मामला सामने आया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। नगर की सक्को वाली गली कॉलोनी निवासी बाबू राम ने बताया कि मेरे पास एक व्यक्ति का फोन आया। फोन करने वाला व्यक्ति अपने आप को नजदीक रिश्तेदार बता रहा था और कहा कि एक जरुरी काम है। इसके बाद उसने मेरे खाता बंद हो गया है। इसलिए आपके खाते में पैसे भेज रहा है। इसके बाद उसने एक लिंक भेजा और उस पर क्लिक करने के लिए। लिंक पर क्लिक करते ही बाबूराम के खाते से 55 हजार रुपए कट गए।

### घर से कार में जबरन डाल ले गए मजदूर को, रिपोर्ट दर्ज

**मुरादनगर (करंट क्राइम)।** नगर क्षेत्र की जीतपुर कॉलोनी में कार सवार युवक एक व्यक्ति को जबरन कार में डालकर अपने साथ ले गए। परिजनों ने अपहरण करने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। रावली रोड पर जीतपुर कॉलोनी निवासी विमला देवी परिवार सहित रहती है। उन्होने बताया कि मेरे पति पुताई करने का काम करते है। गत 26 जुलाई की रात आठ बजे के आसपास एक कार घर के बाहर आकर रुकी। इसके बाद कार से उतरे एक युवक ने रामअवतार की आवाज लगाकर मेरे पति को बाहर बुलाया। जैसे ही वह बाहर गए तो उन्हें जबरदस्ती कार में धकेल लिया और फरार हो गए। महिला ने बताया कि मेरे पति का अपहरण हो गया है और कोई अनहोनी हो सकती है। पीड़िता ने इस संबंध में थाने में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। एसीपी ने बताया कि अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर रामअवतार की तलाश शुरू कर दी गई है।

### घर में घुसकर महिला से दुष्कर्म की कोशिश

**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** एक युवक ने महिला को अकेला देखकर दुष्कर्म करने का प्रयास किया। छीना झपटी में महिला की गोद से बच्चा नीचे गिरकर घायल हो गया। परिजनों से शिकायत करने पर आरोपी पक्ष ने पीड़ित के घर में घुसकर जमकर मारपीट की। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। नगर की एक कॉलोनी निवासी एक व्यक्ति परिवार सहित रहते हैं। वह एक नीजी कंपनी में नौकरी करते घटना वाले दिन उनकी पत्नी घर में अकेली थी। आरोप है कि युवक छत के रास्ते से घर के अंदर आ गया और जबरदस्ती करने लगा। युवक ने महिला से दुष्कर्म करने का प्रयास किया। इसी बीच छीना झपटी में छोटा बच्चा महिला की गोद से नीचे गिरकर घायल हो गया। महिला द्वारा शोर मचाने पर आरोपी मौके से फरार हो गया। पति के डयूटी से वापस आने पर महिला ने आपबीती सुनाई। इसके बाद महिला के पति ने जब फोन पर शिकायत तो आरोपी ने जमकर गाली गलौच की। इतना ही नहीं आरोपी परिवार के साथ पीड़िता के घर आ गए और मारपीट की। पुलिस में शिकायत करने पर अंजाम भुगतने की धमकी दी। पीड़िता ने इस बारे में थाने में तहरीर दी है, पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाही शुरू कर दी है।

### स्वर्णकार समाज की बैठक आयोजित



**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** स्वर्णकार समाज की एक अहम बैठक का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों की संख्या में समाज से जुड़े लोगों ने एकजुट होकर संगठन के निर्माण पर बल दिया। हरमुखपुरी कॉलोनी स्थित धीरज सोनी के आवास पर शहरभर के स्वर्णकार समाज के लोगों की एक बैठक रविवार को आयोजित की गई। बैठक में सर्वसहमति से प्रस्ताव पास किया कि मोदीनगर में स्वर्णकार समाज की एक कार्यकरिणी का गठन किया जायेगा। कार्यकरिणी सदस्य ही संगठन के अध्यक्ष और महासचिव का चुनाव अपने विवेक से करेंगे। स्वर्णकार समाज के सभी सदस्य ग्रुप में मोदीनगर क्षेत्र के समाज के सभी लोगों को जोड़कर जागरूक कर एकता की नई मिशाल कायम करेंगे। आगामी बैठक अगस्त महीने में किसी भी रविवार को कराने का सर्वसहमति से प्रस्ताव भी पास किया गया। इस अवसर पर समाज के लोगों ने अपने विचार प्रस्तुत किये। बैठक में कौशल वर्मा, ब्रजमोहन वर्मा, परमात्मा शरण वर्मा, पूर्व सभासद रवि वर्मा, पुनीत वर्मा, पूर्व सभासद प्रवीण वर्मा, कपूर चंद सोनी, अरुण वर्मा, हर्षित वर्मा, मोहित सोनी, राजू वर्मा, मोंटी वर्मा, अंकित वर्मा, घनश्याम वर्मा, मनोज सोनी, हेमंत सोनी माहित सोनी आदि उपस्थित रहे।

### मुलतानीमल मोदी कॉलेज को जिला प्रशासन ने किया सम्मानित

**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** मुलतानीमल मोदी कॉलेज को लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 एवं मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाने पर जिला प्रशासन द्वारा दुर्गावती देवी सभागार विकास भवन में आयोजित सम्मान समारोह में प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। महाविद्यालय के निर्वाचन साक्षरता क्लब के कार्यक्रम संयोजक विशाल ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग एवं जिला प्रशासन के द्वारा दिए गए दिशा निदेर्शों के अनुसार महाविद्यालय द्वारा विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम, रैलियां, प्रतियोगिताएं, संगोष्ठियां एवं नुक्कड़ नाटक जैसे कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना रोवर्स रेंजर्स एवं राष्ट्रीय कैडेट कोर के साथ मिलकर किए गए। महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी डॉ0 अमर सिंह कश्यप, निर्वाचन साक्षरता क्लब की प्रभारी श्रीमती मंजुलता व भारत निर्वाचन आयोग के परिसर दूत एवं कार्यक्रम संयोजक विशाल ने संयुक्त रूप से यह प्रशस्ति पत्र जिलाधिकारी इंद्र विक्रम सिंह एवं मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल के हाथों प्राप्त किया। इस उपलब्धि के लिए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 दीपक अग्रवाल एवं आंतरिक शिकायत समिति की अध्यक्षा प्रो0वंदना शर्मा ने निर्वाचन साक्षरता क्लब के पदाधिकारियों को बधाई दी है।

# साईं उपवन में आयोजित जीरो वेस्ट कांवड़ शिविर का नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने किया शुभारंभ

## गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत व्यवस्थाओं पर भी कांवड़ियों से जाने विचार

### पूजा अर्चना के उपरांत कांवड़ियों को वितरित किया प्रसाद

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में साईं उपवन मे आयोजित जीरो वेस्ट कांवड़ शिविर का शुभारंभ हुआ जिसमें नगर आयुक्त द्वारा साईं की पूजा-अर्चना की, उनकी प्रतिमा को भोग लगाया गया उसके उपरांत शिवलिंग पर जल अभिषेक किया गया तथा बने हुए प्रसाद को कावड़ियों में वितरित किया गया। नगर आयुक्त द्वारा बाहर से आए हुए कांवड़ यात्रियों से वार्ता करते हुए उनका हाल-चाल भी जाना तथा गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत व्यवस्थाओं के बारे में भी चर्चा की। 6 दिवसीय भंडारे को पूर्ण रूप से जीरो वेस्ट पर आयोजित किया गया है। शिव भक्तों से भी प्लास्टिक का उपयोग न करने की अपील की गई है।





### नगर आयुक्त ने कांवड़ियों से पूछा उनके स्वास्थ्य का हाल

**करंट क्राइम।** नगर आयुक्त द्वारा कांवड़ यात्रियों से उनके स्वास्थ्य का हाल-चाल जाना। साथ ही गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत आगमन पर स्वागत करते हुए व्यवस्थाओं के बारे में भी चर्चा की जिस पर कांवड़ यात्रियों द्वारा इस बार सफाई व्यवस्था तथा बैरिकेडिंग की व्यवस्था की सराहना की। मार्गो के प्रकाश युक्त के लिए धन्यवाद भी किया गया। दिल्ली, राजस्थान तथा हरियाणा के कांवड़ यात्रियों से मुलाकात हुई। अरुण कुमार यादव अपर नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत महोत्सव के रूप में कांवड़ पर्व मनाया जा रहा है, जिसमें गाजियाबाद नगर निगम की सभी तैयारियां पूर्ण हो चुकी हैं। मोबाइल टॉयलेट की व्यवस्था भी अनेकों स्थान पर कराई गई है तथा कांवड़ यात्रा को स्वच्छ बनाने के लिए सफाई व्यवस्था भी मार्गों पर बेहतर की जा रही है। नगर आयुक्त के निर्देश पर साईं उपवन में भंडारे का आयोजन किया गया है। भंडारे में कांवड़ यात्रियों के लिए विश्राम की व्यवस्था, कांवड़ झुलाने की व्यवस्था, स्नान की व्यवस्था, शौचालय की व्यवस्था, गर्मी और उमस को देखते हुए पंखे तथा कूलर की व्यवस्था, मेडिकल की व्यवस्था भी कराई गई, जिसका लाभ प्रतिदिन लगभग 10000 से अधिक कांवड़ यात्रियों को मिलेगा।

### नगर आयुक्त द्वारा भंडारे का शुभारंभ किया गया

**करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर निगम द्वारा आयोजित भंडारे को जीरो वेस्ट पर आयोजित किया गया है जिसमें स्टील के बर्तनों में शिव भक्तों को भोजन दिया जाएगा। साथ ही प्रतिबंधित प्लास्टिक का इस्तेमाल नहीं किया जाएगा। इसी के साथ-साथ किसी प्रकार के डिस्पोजल क्रोकरी का इस्तेमाल भी नहीं किया जाएगा। पर्याप्त मात्रा में डस्टबिन की व्यवस्था भी की गई है। नगर आयुक्त द्वारा भंडारे का शुभारंभ किया गया तथा कांवड़ियों को प्रसाद वितरित करते समय उनसे वार्ता भी की गई। सभी व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए संबंधित टीम गाजियाबाद नगर निगम साईं ट्रस्ट को निर्देश दिए गए हैं।



### प्लास्टिक हटाओ पर्यावरण बचाओ का संदेश दिया गया

**करंट क्राइम।** नगर आयुक्त द्वारा निगम अधिकारियों के साथ मिलकर सभी व्यवस्थाओं को देखा तथा सेल्फी पॉइंट पर फोटो भी खिंचाई। प्लास्टिक हटाओ पर्यावरण बचाओ का संदेश दिया गया। जनप्रतिनिधियों के विशेष सहयोग से गाजियाबाद में कांवड़ यात्रा को विशेष रूप से सफल बनाया जा रहा है जिसमें मंदिरों के बाहर भी सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ किया जा रहा है अन्य आयोजकों से भी नगर आयुक्त द्वारा जीरो वेस्ट आयोजन करने के लिए अपील की गई है।

## अश्विनी पोनप्पा और तनिषा क्रैस्टो पहले मैच में हारी

**नई दिल्ली।** अश्विनी पोनप्पा और तनिषा क्रैस्टो की भारतीय जोड़ी को ओलंपिक खेलों की बैडमिंटन प्रतियोगिता के महिला युगल के ग्रुप सी के मुकाबले में दक्षिण कोरिया की किम सो यियोंग और कोंग ही योंग से सीधे गेम में हार का सामना करना पड़ा। पिछले साल अच्छा प्रदर्शन करके ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाली भारतीय जोड़ी शनिवार को 44 मिनट तक चले मैच में 18-21 10-21 से हार गई। पोनप्पा और क्रैस्टो ने अच्छी



शुरूआत की थी। उन्होंने पहले गेम में कोरिया की जोड़ी को कड़ी चुनौती दी लेकिन इसके बाद वह अपनी लय बरकरार नहीं रख पाई। भारतीय जोड़ी का अगला मुकाबला सोमवार को जापान की चौथी वरीयता प्राप्त चिहारू शिदा और नामी मात्सुयामा से होगा।

## निकहत जरीन दमदार जीत के साथ प्री क्वार्टर फाइनल में

**नई दिल्ली।** दो बार की विश्व चैंपियन मुक्केबाज निकहत जरीन ने रविवार को पेरिस ओलंपिक का दमदार तरीके से आगाज किया। जरीन ने जर्मनी की मैक्सी करीना क्लोएट्ज़र पर जीत के साथ महिलाओं के 50 किग्रा ओलंपिक के प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है।

इस 28 साल की गैरवरीय मुक्केबाज ने नॉर्थ पेरिस एरेना में अंतिम 32 दौर के मुकाबले में जर्मनी की मुक्केबाजी के खिलाफ 5-0 से जीत हासिल की। निकहत के सामने गुरुवार को खेले जाने वाले प्री-क्वार्टर फाइनल



में एशियाई खेलों और मौजूदा फ्लाईवेट विश्व चैंपियन चीन की वू यू की चुनौती होगी। शीर्ष वरीयता प्राप्त वू यू को पहले दौर में बाई मिली है दूसरे दौर में भी दोनों मुक्केबाजों ने एक दूसरे पर जम पर मुक्के बरसाए, लेकिन निकहत ने इस

### अच्छी शुरूआत करने में विफल रहीं थी निकहत

ओलंपिक में पदार्पण कर रहीं निकहत पदक की मजबूत दावेदार हैं। क्लोएट्ज़र के खिलाफ अपने मुकाबले में वह अच्छी शुरुआत करने में विफल रहीं। जर्मनी की मुक्केबाज ने शुरुआत में आक्रामक रुख अपनाकर निकहत को चौंकाया। इस दौरान दोनों मुक्केबाजों ने एक-दूसरे को कुछ सटीक पंच लगाए। क्लोएट्ज़र ने लंबाई में निकहत से कम होने के बावजूद कुछ करारे प्रहार के किए और पहले दौर को जजों के 3-2 के खंडित फैसले से अपने नाम करने में सफल रहीं।

दौरान लय हासिल की और कुछ दमदार और सटीक पंच से जर्मनी की मुक्केबाज को बैकफुट पर धकेल दिया। इस दौरान सिर सीधा नहीं रखने के कारण क्लोएट्ज़र को एक अंक से दंडित किया गया लेकिन निकहत ने इसी गलती के कारण इस बढ़त को गंवा दिया। निकहत हालांकि बेहतर रणनीति खेल से जजों को प्रभावित करने में सफल रहीं।

## अर्जुन बाबुता ने निशानेबाजी में एक और पदक की उम्मीद जगाई, संदीप फाइनल में जगह बनाने से चूके

**नई दिल्ली।** भारतीय निशानेबाज अर्जुन बाबुता ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पुरुष 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा के फाइनल में जगह बनाई। इस तरह देश को निशानेबाजी में एक और पदक आने की आस जग गई है। अर्जुन से पहले रमिता जिंदल ने महिला 10 मीटर एयर राइफल के फाइनल में जगह बनाई थी, जबकि मनु भाकर ने रविवार 10 मीटर एयर पिस्टल वर्ग में कांस्य पदक जीतकर पेरिस ओलंपिक में भारत का पदक का खाता खोला था।




### सातवें स्थान पर रहे अर्जुन

अर्जुन क्वालिफिकेशन में सातवें स्थान पर रहे और उन्होंने आठ निशानेबाजों के फाइनल में जगह बनाई। 25 साल के बबूता ने 105.7, 104.9, 105.5, 105.4, 104.0 और 104.6 अंक की सीरीज के साथ कुल 630.1 अंक जुटाए। अर्जुन अब सोमवार को पदक के लिए चुनौती पेश करेंगे। वह शनिवार को रमिता जिंदल के साथ मिश्रित टीम फाइनल में जगह बनाने से चूक गए थे। भारतीय जोड़ी क्वालिफिकेशन में छठे स्थान पर रही थी। वर्ष 2016 से राष्ट्रीय टीम में शामिल चंडीगढ़ के अर्जुन ने पिछले साल चांगवोन में एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप के जरिए ओलंपिक कोटा हासिल किया था।

### संदीप का अभियान हुआ समाप्त

सेना के संदीप सिंह इसी स्पर्धा में 629.3 अंक के साथ 12वें स्थान पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाने से चूक गए। संदीप का इसके साथ ही पेरिस खेलों में अभियान खत्म हो गया। उन्होंने अप्रैल-मई में हुए चयन ट्रायल में विश्व चैंपियन रुद्रांक्ष पाटिल को पछाड़कर पहली बार ओलंपिक में खेलने का हक पाया था। चीन के शेंग लिहाओ 631.7 अंक के साथ क्वालिफाइंग दौर में शीर्ष पर रहे।

## श्रीलंकाई महिला टीम ने भारत से छीना चैंपियन का ताज
## पहली बार बनी एशिया की चैंपियन

**नई दिल्ली।** श्रीलंकाई महिला टीम ने अपने घर में खेले गए महिला एशिया कप 2024 टूनार्मेंट में इतिहास रच दिया है। फाइनल मुकाबला रविवार को दांबुला में खेला गया। जिसमें श्रीलंका ने भारतीय महिला टीम को 8 विकेट से हराकर पहली बार खिताब जीत लिया है।

बता दें कि, भारत विमेंस एशिया कप की सबसे सफल टीम है। अब तक महिला एशिया कप के 9 सीजन हो चुके हैं, जिससे से भारतीय टीम 7 बार चैंपियन रही है। पिछली बार 2022 में विमेंस एशिया कप खेला गया था। तब भारत ने फाइनल मुकाबले में श्रीलंका को हराकर ट्रॉफी अपने नाम की थी।

दूसरी बार भारत ने गंवाया खिताब

महिला एशिया कप के पिछले 8 सीजन में से एक ही बार बांग्लादेश ने 2018 सीजन अपने नाम किया था। 7 बार भारत जीता था। लेकिन ये 9वां




सीजन श्रीलंकाई टीम ने जीतकर इतिहास रच दिया है। दूसरी ओर पाकिस्तान टीम अब तक कोई भी महिला एशिया कप खिलाब नहीं जीत सकी। इस हार के साथ ही भारतीय टीम ने दूसरी बार महिला एशिया कप का फाइनल मैच गंवाया है। भारतीय टीम सभी 9 सीजन के फाइनल में पहुंची है। जहां 2018 में बांग्लादेश और अब श्रीलंका ने हराया है। दूसरी ओर श्रीलंकाई महिला ने इससे पहले 5 बार खिताबी मुकाबला गंवाया था। लेकिन अब छठी बार में खिताब अपने नाम कर लिया है।

## ऋषभ पंत ने तोड़ा दिनेश कार्तिक का 6 साल पुराना रिकॉर्ड, इस खास लिस्ट में हुए शामिल

**नई दिल्ली।** श्रीलंका के खिलाफ पहले टी20 मुकाबले में भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने अच्छी पारी खेली और 33 गेंदों पर एक छक्का और 6 चौकों की मदद से 49 रन की पारी खेली। इस मैच में वह सिर्फ एक रन से अपना अर्धशतक पूरा करने से चूक गए, लेकिन उन्होंने दिनेश कार्तिक का 6 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया तो वहीं विराट कोहली, एमएस धोनी और ऋतुराज गायकवाड़ की इस खास लिस्ट में शामिल हो गए हैं।



### पंत ने तोड़ा दिनेश कार्तिक का रिकॉर्ड

ऋषभ पंत ने श्रीलंका के खिलाफ 49 रन की पारी खेली और अब वो श्रीलंका में टी20 में बतौर विकेटकीपर भारत के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। इससे पहले ये रिकॉर्ड दिनेश कार्तिक के नाम पर दर्ज था जिन्होंने साल 2018 में बतौर विकेटकीपर भारत के लिए नाबाद 39 रन की पारी खेली थी। अब 6 साल के बाद पंत ने 49 रन की पारी खेलकर दिनेश कार्तिक के रिकॉर्ड को तोड़ दिया।

पंत ने पहली बार टी20 में 49 रन की पारी खेली और आउट हो गए। टी20 में 49 रन के स्कोर पर आउट होने वाले वो चौथे भारतीय बल्लेबाज बन गए। पंत से पहले भारत की तरफ से टी20 में 49 के स्कोर पर विराट कोहली, एमएस धोनी और ऋतुराज गायकवाड़ आउट हो चुके हैं। अब पंत भी इन दिग्गजों की लिस्ट में शामिल हो चुके हैं।

## कोच सुमा के नक्शेकदम पर रमिता जिंदल, महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा के फाइनल में पहुंचीं

**नई दिल्ली।** भारत की रमिता जिंदल ने रविवार को इतिहास रच दिया। वह महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा के फाइनल में पहुंच गई हैं। वह इस स्पर्धा के फाइनल में पहुंचने वाली तीसरी भारतीय महिला एथलीट हैं। वहीं, 20 साल बाद किसी महिला एथलीट ने ऐसा किया है। 20 साल की रमिता ने रविवार को खेले गए क्वालिफिकेशन राउंड में 631.5 के स्कोर के साथ क्वालिफाई किया। वह पांचवें स्थान पर रहीं। उन्होंने छह सीरीज में 104.3, 106.0, 104.9, 105.3, 105.3, 105.7 का स्कोर बनाया। वहीं, इसी स्पर्धा में भारत की एक और एथलीट एलावेनिल वलारिवान 630.7 के स्कोर के साथ 10वें स्थान पर रहीं और फाइनल के लिए क्वालिफाई नहीं कर सकीं। रमिता कल दोपहर एक बजे से अपना फाइनल मैच खेलेंगी और स्वर्ण पदक के लिए जोर लगाएंगी।



रमिता पिछले 20 साल में मनु भाकर के बाद किसी मेडल राउंड में पहुंचने वाली दूसरी महिला शूटर बन गईं। रमिता अपने कोच सुमा शिरूर (एथेंस 2004) के बाद ओलंपिक फाइनल में जगह बनाने वाली पहली भारतीय महिला राइफल शूटर हैं। रमिता ने 631.5 का स्कोर किया और क्योंकि अंतिम सीरीज तक ऐसा लग रहा था कि वह कट नहीं बना पाएंगी। हालांकि, आखिरी सीरीज में जबरदस्त वापसी से वह शीर्ष-8 में पहुंचने में कामयाब रहीं और फाइनल में पहुंच गईं। एलावेनिल आधे रास्ते तक आगे चल रही थीं, लेकिन अगली यानी आखिरी तीन सीरीज में वह पिछड़ गईं और अंततः क्वालिफाइंग दौर में 10 वें स्थान पर रही। अंतिम सीरीज दोनों भारतीयों के लिए अंतर साबित हुई, क्योंकि दोनों ने मिश्रित टीम स्पर्धा की निराशा को पीछे छोड़ने का लक्ष्य बनाया था। रमित इसमें कामयाब रहीं, लेकिन एलावेनिल ऐसा नहीं कर सकीं।

दक्षिण कोरिया की ह्योजिन बान 634.5 के क्वालिफिकेशन रिकॉर्ड स्कोर के साथ पहले स्थान पर रहीं। नॉर्वे की जेनेट हेग 633.2 के स्कोर के साथ दूसरे और स्विटजरलैंड की ऑड्रे गोगनियाट 632.6 के स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। चीन की यूटिंग हुआंग 632.6 के स्कोर के साथ चौथे स्थान पर रहीं। एलावेनिल ने दूसरी सीरीज में कुछ शानदार शॉट्स के साथ शीर्ष 10 के करीब खुद को बनाए रखा। इसके बाद वह आठवें स्थान पर खिसक गईं। दूसरी सीरीज के पहले पांच शॉट्स ने उन्हें 53 अंक दिलाए और शीर्ष तीन में पहुंच गईं।

### रमिता और एलावेनिल के लिए कैसा रहा क्वालिफिकशन राउंड

रमिता ने 10.5 और 10.9 के स्कोर के साथ शुरूआत की और दो शॉट के बाद तीसरे स्थान पर पहुंच गईं। वलारिवान का पहला शॉट 10.6 था और वह आठवें स्थान पर चली गईं। एलावेनिल तब शॉट नंबर तीन के साथ तीसरे स्थान पर पहुंच गईं और रमिता रैंकिंग में नीचे खिसकने लगी थीं। एलावेनिल ने शुरूआत में कुछ शानदार शॉट्स लगाए और शुरू के 8 राउंड के बाद उनका सबसे कम स्कोर 10.4 था और उसने उस समय रैंकिंग में खुद को पांचवें स्थान पर पाया। वहीं, रमिता ने पहले राउंड का समापन 104.3 के साथ किया और दूसरी सीरीज की शुरूआत दो शॉट के बाद 21 अंकों के साथ अपने नाम की। एलावेनिल की पहली सीरीज 105.8 अंकों के साथ समाप्त हुई, जिससे वह नंबर चार पर रहीं। इस 24 वर्षीय खिलाड़ी ने दूसरी सीरीज की शुरूआत 10.4 से की। रमिता लगातार रैंकिंग में ऊपर चढ़ती गईं और उनके 14 वें शॉट ने उन्हें 10.9 अंक दिए।

दैनिक करंट क्राइम सिर्फ सच...



# पत्रकारों ने दी आईपीएस विवेक चंद यादव का विदाई





**गाजियाबाद, करंट क्राइम ।** रविवार को गाजियाबाद में आईपीएस अधिकारी व डीसीपी देहात रहे विवेक चंद यादव को पत्रकारों ने विदाई दी। उनके विदाई समारोह का आयोजन आरडीसी स्थित ढाबा-99 रेस्टोरेंट में किया गया। इस मौके पर विभिन्न पुलिस अधिकारियों और पत्रकारों ने उनकी विदाई के अवसर पर उपस्थिति दर्ज कराई।

इस समारोह में डीसीपी देहात विवेक चंद यादव को एडिशनल सीपी दिनेश कुमार पी ने बेहतर भविष्य की शुभकामनाएं दीं। तो वहीं उपस्थित अधिकारियों और पत्रकारों ने विवेक चंद यादव की वर्किंग व व्यवहार की तारीफ करते हुए अपने विचार व्यक्त किए और उनके साथ बिताए गए समय को याद किया। समारोह में विशेष रूप से विवेक यादव के कुशल नेतृत्व क्षमता और उनके द्वारा किए गए सराहनीय कार्यों पर प्रकाश डाला गया। उनके सहयोगियों और पत्रकारों ने उनके साथ जुड़ी यादों को साझा किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर एडिशनल सीपी दिनेश कुमार पी, एसीपी नंदग्राम रवि कुमार सिंह, एसीपी कवि नगर अभिषेक श्रीवास्तव, एसीपी अंकुर विहार भास्कर वर्मा, एसीपी लोनी सूर्य बलि मौर्य, एसीपी शालीमार गार्डन सिद्धार्थ गौतम, एसडीएम लोनी निखिल चक्रवर्ती, कवि नगर थाना प्रभारी योगेंद्र मलिक, आरडीसी नाका प्रभारी यतेंद्र यादव मौजूद रहे। वहीं पत्रकारों में शामिल अशोक ओझा, अशोक कौशिक, दैनिक करंट क्राइम के समाचार संपादक दीपक भाटी, संदीप सिंघल, अशोक शर्मा, शक्ति सिंह, वरिष्ठ संवाददाता करंट क्राइम गौरव शशि नारायण, अनुज चौधरी, लोकेश राय, चंदन राय, तेजेश चौहान, संजीव शर्मा, योगेन्द्र सागर, रोहित सिंह राजावत, सोनू अरोड़ा, मयंक गौर, पीयूष गौर, हिमांशु शर्मा, राहुल शर्मा, करणवीर कश्यप, सुनील गौतम, आकाश गर्ग, तौशिक कर्दम, राहुल शर्मा, संजीव शर्मा, एमजे चौधरी, अफसर चौधरी, इरफान सैफी, शहजाद, नितिन, नरेश, मुकेश कर्दम, उदयवीर सिंह ब्यूरोचीफ साहिबाबाद दैनिक करंट क्राइम व वरुण सहित अन्य पत्रकार मौजूद रहे।




## इसी बात का है सोग गिनती में भी नही गिने उन्होने हम गिनती के लोग

सुना था कि सियासत बेमुरव्वत होती हैं लेकिन देख भी लिया कि सियासत में वक्त के हिसाब से दुश्मनी और वक्त के हिसाब से मुहब्बत होती हैं। सीन कुछ ऐसा हुया है कि हम ही मरे थे अहले मुहब्बत की जंग में, पर जब गिनतिया हुई तो मरे और लोग थे। वो कदम ताल कर रहे थे मगर सियासत के तकाजे उन्हे अब पता चले है जब उनके घर के दरवाजे ही किसी और के लिये खुले हैं। किस्सा बर्थडे के केक से जुड़ा है और सुना है कि कभी खास वालों में शुमार दो एक्स डिप्टी ही ना बुलाए और बुरा तो उन्हे भी लगा जो डिप्टी बनने की राह पर थे मगर इग्नोर तो वो भी हो ही गये और अब उन्हे भी ये फील हो गया कि पालिटिक्स किसी की नही होती। बुलाने वाले कह रहे हैं कि बस गिनती के ही लोग बुलाये थे और सीन में वो तीन ही नही बुलाये जिनकी गिनती कभी उनके सबसे चहेतों में हुया करती थी। मलाल तो बस इसी बात का है कि हमें ना बुलाया कोई बात नही मगर दिल में इस बात का बवंडर हैं कि कमांडर भी खास हो गये तुम्हारे।

## मोमबत्ती बुझी रेल का इंजन रूका बुझ गया दीया फिर भी टिकट दिया

सियासत में टिकट मांगना कार्यकर्ता का हक है और हर समाज हर चुनाव में बुलंद आवाज में दावेदारी करता ही है। तुसी मुसी वाले भी टिकट की दौड़ में हैं और वो हिस्ट्री बता रहे हैं कि सरदार जी थ्री टाईम विधायक रहें। मिस्ट्री को अनफोल्ड भी फूल वाले ही कर रहे हैं। वो बता रहे हैं कि जिनकी दावेदारी कुर्बानी की बात हो रही हैं वो भी चुनाव लड़े हैं और हारे हैं। उनके समाज के ही मोमबत्ती के निशान पर लड़े और दो हजार वोट मेयर चुनाव में नही मिली। रेल का इंजन चुनाव चिन्ह था मगर इंजन रूक गया और दीया चुनाव चिन्ह भी बुझा है और दो भगवा बाऊजी चुनाव हारे हैं। केतली पर अमरोहा वाले नागपाल लड़े हार गये और साईकिल पर उनकी पत्नी हार गई। ये सारे पुराने आकड़े भी फूल वाले लिये बैठे हैं। वो कह रहे हैं कि हम भी पुराने रिकार्ड बतायेगें जरूर।

## अब होने लगा है इस भगवा सियासत से देवतुल्यों का मोहभंग

बात सियासत वालों में चली सरकार देहात की हो या शहर की उसे लाने में लहर का योगदान रहता है मगर इस लहर को देहात से लेकर शहर तक लेकर तो कार्यकर्ता ही आता है। लेकिन सरकार आने के बाद अगर देवतुल्य पर ये अकुंश लगा दिया जाये कि कोई तहसील से लेकर थाने तक नही जायेगा। जुबान खुली तो पता चला कि केवल कुंजन की दुकान ही नही हैं ऐसे किस्से तो कई हो गये बस बात बाहर नही आई। अब जब जुबान पर बात आई तो इतना फील हो गया कि फूल वाले देवतुल्यों का भगवा सियासत से मोहभंग होने लगा है। अब वो आयाम से ज्यादा रूचि अपने काम में ले रहे हैं।

# जन कल्याण समिति वसुंधरा के बैनर तले किया गया पौधरोपण



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** देवभूमि जनकल्याण समिति ने रविवार को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर 'एक पौधा मां के नाम' के तहत देवभूमि जन कल्याण समिति वसुंधरा के बैनर तले लगभग 50 पौधे लगाये गये। समिति ने वसुंधरा क्षेत्र में कई स्थानों पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। इन जगहों पर छायादार व फल के वृक्ष लगाए गए। इस कार्यक्रम में देवभूमि जनकल्याण समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया।

**विश्व को ग्लोबल वार्मिंग से बचाने के लिए पौधरोपण जरूरी : दीपक भट्ट**

देवभूमि के अध्यक्ष दीपक भट्ट ने बताया कि वातावरण को बढ़ते हुए ग्लोबल वार्मिंग से बचाने के लिए और प्रदूषण से नियंत्रण एवं स्वच्छ वायु प्रदान करने के उद्देश्य से पौधरोपण करना कितना आवश्यक है। जिन वृक्षों के नीचे बैठकर हमारे ऋषि मुनियों ने ज्ञान प्राप्त किया। पूर्व काल में जिन वृक्षों के नीचे बैठकर अनेक छात्र देश के राजा, राजनीतिज्ञ, विद्वान, कवि इत्यादि बने, जिन वृक्षों ने हमारे भोजन की व्यवस्था की, उन वृक्षों के महत्व का स्मरण कर प्रत्येक भारतीय को वृक्षारोपण करना चाहिए। इस प्रकार वृक्षारोपण के महत्व को समझते हुए भी प्रत्येक व्यक्ति को ये कृति करनी चाहिए। और देवभूमि जनकल्याण समिति के सभी सदस्यों एव पदाधिकारियों ने इन पौधों को बचाने की लिए निरंतर पानी व देखरेख की व्यवस्था भी करने का आश्वासन दिया।




# फिर बदले गए कमिश्नरेट में बोर्ड

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद को बने हुए लगभग दो साल का समय होने जा रहा है। इन दो साल के समय में यह दूसरा मौका है जब पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में थानों और कार्यालयों के बोर्ड बदलने का सिलसिला शुरू हुआ है। कमिश्नरेट वाले सूत्रों ने बताया है कि बीते दिनों आए नए कानून के संशोधन के बाद पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद के थानों और प्रमुख कार्यालयों के बोर्ड बदलने का सिलसिला शुरू हुआ है। दो दिन पहले ही पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में एक के बाद एक थानों में नए बोर्ड लगाए जा रहे हैं। इन बोर्ड में पहले की तरह पुलिस कमिश्नरेट वाला सिस्टम अंकित नहीं किया गया है। सिटी जोन के साथ ही देहात और नदियापार के थानों में भी नए बोर्ड लगने लगे हैं। इसमें हिंदी और इंग्लिश में थाने का नाम लिखा है, लोगों से किसी भी आपात स्थिति में डायल 112 का फोन नंबर मिलने की अपील की गई है। वहीं पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम के थानों पर लगे इन बोर्ड में थाने का नंबर और ईमेल एड्रेस दर्ज कराया गया है। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश पुलिस का नया लोगो भी इसमें जोड़ा गया है। सूत्रों द्वारा बताया जा रहा है कि ऊपर से ही प्रदेश स्तर पर यह कार्य किया जा रहा है। बता दें इससे पहले पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद के थाना प्रभारियों की माइक मोबाइल वाहनों से जो पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद लिखा हुआ था, उसे हटाया गया था। उसके स्थान पर वहां उत्तर प्रदेश पुलिस किया गया था, साथ ही जनपद गाजियाबाद लिखा गया। अब पुलिस कमिश्नरेट अचानक से हटाए जाने की वजह बीते भारतीय न्याय संहिता का बदलाव कहा जा रहा है। वहीं पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम में जहां बीते कुछ माह पहले ही तमाम कार्यालयों में नए और थानों में बोर्ड लगे थे, तो वहीं अब फिर एक बार बदलाव वाले बोर्ड लगे हैं। लगातार बोर्ड बदलने के पीछे की वजह की चर्चा भी खाकी में हो रही है। तो वहीं अधिकारी बता रहे हैं कि यह सब ऊपर से तय हुआ है। कुल मिलाकर कुछ महीनों के भीतर एक के बाद एक बोर्ड का बदलाव क्या दर्शा रहा है, यह समझ नहीं आ रहा है लेकिन जब तक वर्किंग में सुधार और लोगों को सुलभ न्याय जनसुनवाई मजबूत नहीं होगी। तब तक बोर्ड बदलने से छवि और तस्वीर नहीं बदलने वाली हैं। देखना होगा नए बोर्ड के बाद पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में क्या नए संदेश जाते हैं।




# शिविरों में जमकर हो रही कांवड़ियों की देखभाल

## जयकारों के बीच बम बम भोले से गूंज रहा है शहर



**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** शहर में कांवड़ियों की संख्या में रविवार को कई गुना वृद्धि हुई है। शिवभक्तों की कतार व बम भोले के उद्‌घोष से शहर शिवमय हो गया है। हजारों की संख्या में कांवड़ियां यहां से होकर गुजरे। आने वाले दिनों में यह आंकड़ा और अधिक बढ़ने की संभावना है। सायं को कांवड़ शिविरों के आसपास बड़ी संख्या में लोग शिवभक्तों को देखने के लिए सड़कों पर उमड़े। सैकड़ों की संख्या में शहर के स्थानीय लोग भगवान शिव के जयकारों से देर रात तक मोदीनगर के हाईवे मार्ग से होकर गुजर रहे कांवड़ियों में जोश भरते देखे गये। स्थानीय, प्रशासन, नगर पालिका, पुलिस अन्य विभागों के अधिकारी, कर्मचारी राज चैराहे पर बनाये गये प्रशासन के कांवड़ सेवा शिविर में तैनात रहे। अनुमान है कि देर रात तक शहर से पांच लाख से अधिक कांवड़िए होकर गुजरेंगे। साथ ही कुछ डाक कांवड़ की भी शुरुआत हो सकती है। जैसे-जैसे शिवरात्रि नजदीक आ रही है। हाईवे व कांवड़ पटरी मार्ग पर कांवड़ियों की संख्या भी लगातार बढ़ोतरी हो रही है। रविवार को एक लाख से ज्यादा कांवड़िये दिल्ली-मेरठ हाईवे से गुजरे हैं। रविवार को दो लाख से ज्यादा कांवड़िये मोदीनगर की सीमा में प्रवेश कर लिये जाने का अनुमान लगाया जा रहा है। इसके बाद कांवड़ियों का आवागमन व डाक कावडं रविवार से शुरू हो गई। इसी को देखते हुए पुलिस प्रशासनिक स्तर पर भी सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। जगह-जगह पुलिस बल की तैनाती के साथ ही सादी वर्दी में भी पुलिसकर्मी गश्त कर रहे हैं। उच्च अधिकारी भी स्थिति पर अपनी जान नजर बनाए हुए हैं। किसी भी स्थित से निपटने के लिए चप्पे-चप्पे पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। सुरक्षा के बंदोबस्त पर आलाधिकारी अपनी पैनी नजर रखें हुये है। रविवार को झांकी वाली कावड़ के साथ ही कावड़ियों के जत्थे के जत्थे हाईवे से गुजर रहे थे। हाईवे पूरी तरह भगवा में नजर आया। इस बारे में एसडीम पूजा गुप्ता का कहना है कि कांवड़ियों की संख्या सोमवार को हाईवे पर और बढ़ जाएगी। लाखों की तादाद में कांवड़िए यहां से गुजरने का अनुमान है।

# नरसिम्हा सदन में 37 दिन की कथा श्रृंखला आयोजित



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** सनातनी परंपरा के अनुसार ये चातुर्मास का समय चल रहा है और इस अवसर पर ज्योतिर्मथ पीठम के 46वें शंकराचार्य श्रीश्री 1008 अविमुक्तेस्वरा नंद महाराज नई दिल्ली पीतमपुरा स्थित नरसिम्हा सदन में प्रवास पर हैं। 37 दिन की कथा शृंखला में रविवार को महाराज के मुखारविंद से धैर्य धर्म पर बहुत ही गहनता से विस्तृत ज्ञान गंगा व्याख्यान दिया गया। महाराज ने धैर्य का इतना सारगर्भित विस्तृत वर्णन किया कि गुरुकुलम के सभी उपस्थित विद्यार्थी, संतजन, सुधि सनातनी एवं संपूर्ण मातृ शक्ति भावविभोर हो गए और 3 घंटे की कथा में संपूर्ण वातावरण भावविभोर हो गया। महाराज के मुखारबिंद से कर्तव्य धर्म का व्याख्यान द्वापर और त्रेता से लेकर आधुनिक युग आधारित रहे। सीता मैया के अथक धैर्य से महाभारत युगीन धैर्यधारण से आधुनिक जीवन में बड़े ही जीवंत वृत्तांत सुनाकर संपूर्ण सभागार को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# आर्य समाज नया आर्य नगर का वेद प्रचार सप्ताह कार्यक्रम हर्षोल्लास से संपन्न

## आर्य समाज राष्ट्रहित के साथ समाज को भी संस्कारित करता है : विदुषी अंजलि आर्य





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** आर्य समाज नया आर्य नगर के तत्वाधान में चल रहा वेद प्रचार सप्ताह का कार्यक्रम 7वें दिन रविवार को हर्षोल्लास से संपन्न हुआ। जिसमें मुख्य वक्ता अंजलि आर्य ने भजनों के माध्यम से अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि महर्षि दयानन्द सरस्वती भारत के स्वप्न द्रष्टा थे। यदि वो न आते तो नारियों को इतना सम्मान नहीं मिलता जितना आज मिल रहा है। देश की आजादी के लिए आर्य समाज का बहुत बड़ा योगदान रहा है। आर्य समाज राष्ट्रहित के साथ समाज को भी संस्कारित करने का कार्य कर रहा है। पंच महायज्ञ को अपने व्यवहार में लाकर प्राणी मात्र के कल्याण के कार्य करते हुए अपने जीवन को यज्ञमय बनाकर अपनी ऋषि परंपरा को आगे बढ़ाकर ही हम सभी का जीवन सुखमय हो सकता है। वेदों के मार्ग पर चलकर ही भौतिक दुखों से बचा जा सकता है। वेदों अखिलो धर्म मूलम अर्थात वेद ही समस्त धर्म का मूल है।

### पाखंड, आडंबरों से आने वाली पीढ़ी को बचाएं

**करंट क्राइम।** आपके जीवन का दृढ़ निश्चय आपका संकल्प है। यथार्थ संकल्पवादी बनो। अच्छे व्रती बनकर पाखंड आडंबरों से अपनी आने वाली पीढ़ी को बचाओ। जब जाकर ऋषि दयानंद का सपना पूरा होगा। कार्यक्रम का कुशल संचालन नरेंद्र कुमार पांचाल ने किया। इस अवसर पर जिला सभा के संरक्षक श्रद्धानंद शर्मा, राजेश्वर शास्त्री, तेजपाल आर्य, कृष्णदेव आर्य, बाल मुकुंद आर्य, सतेश्वर आर्य, रामा शंकर शास्त्री, कौशल गुप्ता, सुमन राजपूत, वंदना अरोड़ा, महानगर की सभी आर्य समाजों के पदाधिकारीगण/कार्यकर्ता गुरुकुल पटेल नगर के ब्रह्मचारी गण मौजूद रहे।

# भूस्खलन से मलबे में दबे 18 लोग, 12 की मौत, कई घायल




**बीजिंग।** चीन के एक गांव में भारी बारिश के चलते हुए भूस्खलन में एक घर गिर गया। इसमें एक परिवार के 18 लोग दब गए। इनमें से 12 लोगों की मौत हो गई। जबकि छह लोग घायल हो गए। मौके पर बचाव कार्य शुरू कर दिया गया है।

जानकारी के मुताबिक मध्य चीन के हेंगयांग शहर के युएलिन गांव में पहाड़ पर अचानक आई बाढ़ के कारण सुबह करीब आठ बजे भूस्खलन हुआ। इसमें एक घर का हिस्सा ढह गया और 18 लोग दब गए। मौके पर बचाव दल ने यहां मलबे में से 12 लोगों के शव निकाले। जबकि छह घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मौके पर करीब 250 कर्मी बचाव कार्य में लगे हैं।

बता दें कि चीन को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ रहा था। वहीं देश के उत्तर और दक्षिण-पश्चिम में अचानक बाढ़ आ गई है। गेमी तूफान के चलते आने वाली चक्रवाती हवाओं के चलते यहां भारी बारिश हुई। हालांकि चीन के कई हिस्से पहले से ही बारिश के चलते बाढ़ के खतरे को लेकर अलर्ट पर थे। मौसम विभाग के मुताबिक अभी भी कई शहरों में भारी बारिश की आशंका है।

**गेमी तूफान ने मचाई थी तबाही :** चक्रवाती तूफान गेमी ने हाल ही में ताइवान में भीषण तबाही मचाई थी। इस तूफान से ताइवान में आठ लोगों की मौत हो गई और सैकड़ों लोग घायल हुए। गेमी से एक 64 वर्षीय स्कूटर सवार महिला की मौत हुई है, जिस पर कोहसिउंग इलाके में एक पेड़ गिर गया। वहीं हुआलिएन शहर में 44 वर्षीय एक व्यक्ति के घर की छत गिर गई, जिससे उसकी मौत हो गई। कोहसिउंग इलाके में ही एक 78 वर्षीय व्यक्ति की भूस्खलन में मौत हुई है। इसी तरह चक्रवाती तूफान से जनित घटनाओं में अलग-अलग इलाकों में कुल आठ लोगों की मौत हुई है। दो लोगों के शव बाढ़ ग्रस्त खेतों से बरामद किए गए हैं, जिनकी अभी तक पहचान नहीं हो पाई है। कुओ नाम का व्यक्ति लापता है और उसकी तलाश की जा रही है।



**कोहसिउंग इलाके में सबसे ज्यादा लोग प्रभावित**

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सबसे ज्यादा (259) लोग कोहसिउंग इलाके में ही चक्रवाती तूफान से प्रभावित हुए हैं। इसके बाद ताइनान में 125, ताइचुंग में 120 लोग घायल हुए हैं। तूफान के चलते कई मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं। तूफान के असर से ताइवान के पूर्वी और दक्षिणी इलाकों में अभी भी भारी बारिश के आसार हैं।

# जापान में विदेश मंत्री ने महात्मा गांधी की प्रतिमा का अनावरण किया, एंटनी ब्लिंकन से भी की मुलाकात

**टोक्यो।** भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर दो दिवसीय दौरे पर जापान पहुंचे हैं। विदेश मंत्री एस जयशंकर जापान में क्वाड के विदेश मंत्रियों की बैठक में हिस्सा लेंगे। जयशंकर के रविवार को जापान पहुंचने पर जापान में भारत के राजदूत सिबी जॉर्ज ने उनका स्वागत किया। जापान में स्थित भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा किया, जिसमें विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ भारतीय राजदूत सिबी जॉर्ज दिखाई दे रहे हैं।

अपने दो दिवसीय दौरे के पहले दिन विदेश मंत्री ने जापान के एडोगावा में महात्मा गांधी की प्रतिमा का अनावरण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि 'ऐसे समय में जब पूरी दुनिया में संघर्ष बढ़ रहे हैं, काफी तनाव है और ध्रुवीकरण हो रहा है, खून-खराबा हो रहा है। ऐसे में ये बेहद अहम है कि हमें महात्मा गांधी के उस संदेश को याद करना चाहिए कि युद्ध के मैदान से शांति नहीं आ सकती और ये युग भी युद्ध का नहीं है। यह संदेश आज भी उतना ही प्रभावी है, जितना यह 80 साल पहले था।'

**संघर्ष बढ़ रहे हैं, खून-खराबा हो रहा है। ऐसे समय में दुनिया को अब महात्मा गांधी के संदेश की बेहद जरूरत : एस. जयशंकर**



विदेश मंत्री ने जापान दौरे पर अमेरिका के विदेश मंत्री एस जयशंकर से मुलाकात की। मुलाकात के बाद विदेश मंत्री ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि 'हमारा द्विपक्षीय एजेंडा लगातार आगे बढ़ रहा है। हमारी मुलाकात में क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर विस्तृत बातचीत हुई। कल होने वाली क्वाड बैठक में शामिल होने के लिए उत्सुक हूं।' नवंबर 2017 में, भारत, जापान, अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया हिंद प्रशांत में महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों को किसी भी प्रभाव से मुक्त रखने के लिए क्वाड की स्थापना की थी। दक्षिण चीन सागर प्रशांत और हिंद महासागर के बीच जंक्शन पर स्थित है। चीन, दक्षिण चीन सागर के अधिकांश हिस्से पर अपना दावा करता है, जबकि फिलीपींस, वियतनाम, मलेशिया, ब्रुनेई और ताइवान ने समुद्री क्षेत्र पर जवाबी दावे किए हैं।

### क्वाड के विदेश मंत्रियों की बैठक में हिस्सा लेंगे विदेश मंत्री जयशंकर

विदेश मंत्री एस जयशंकर 28-30 जुलाई तक जापान के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वह ऑस्ट्रेलिया, जापान और अमेरिका के विदेश मंत्रियों के साथ क्वाड बैठक में हिस्सा लेंगे। इस साल के अंत में भारत में क्वाड नेताओं की बैठक होनी है। ऐसे में विदेश मंत्री स्तर की बैठक में क्वाड नेताओं की बैठक की रूपरेखा तैयार की जा सकती है। क्वाड के विदेश मंत्रियों की बैठक पहले इस साल जनवरी में होनी थी, लेकिन किन्हीं कारणों से यह बैठक टल गई थी।

### ब्रिटेन के भारतवंशी सिख सांसद जीवन सैंधर बोले-

# भारत के साथ लेबर पार्टी के संबंध अधिक मजबूत करने पर देंगे जोर

**लंदन।** ब्रिटेन में हाल ही में हुए चुनाव में लॉफबोरो सीट से सांसद बने भारतवंशी सिख जीवन सैंधर भारत और ब्रिटेन की लेबर पार्टी सरकार के बीच संबंधों को मजबूत करना चाहते हैं। उनका कहना है कि आम चुनाव में जीत के बाद उनका फोकस भारत और यहां के प्रवासी समुदाय के साथ लेबर पार्टी के संबंधों को बेहतर करने पर है। ब्रिटेन के विदेश सचिव डेविड लैमी की भारत यात्रा को लेकर उन्होंने कहा कि नई सरकार देश में परिवर्तन लाने के काम में लगी है।

सांसद ने कहा कि मैं भारतीय प्रवासियों का हिस्सा हूं। मैं इसे लेबर पार्टी सरकार से एक विशेष संबंध मानता हूं। भारत और ब्रिटेन के बीच एक महत्वपूर्ण साझेदारी है। भारत के साथ व्यापार समझौते पर भी काम चल रहा है। हम चाहते हैं कि दुनिया के सबसे बडे.लोकतंत्र भारत के साथ हमारा संबंध बेहतर हो ताकि हम दोनों देश काफी कुछ हासिल कर सकें।



उन्होंने कहा कि लेबर इंडियंस ने मेरी व्यक्तिगत रूप से काफी मदद की है। पार्टी ने जो कुछ हासिल किया है, उस पर हमें बेहद गर्व है। आने वाले समय में हम काफी कुछ हासिल करना चाहते हैं। मुझे अपने भारतीय होने और ब्रिटेन में अपने योगदान और पहचान पर भी गर्व है। ब्रिटेन में भारतीय संस्कृति काफी नजर आती है।

अपने संसदीय क्षेत्र लॉफबोरो के बारे में काम करने को लेकर सैंधर ने कहा कि मैं अर्थशास्त्री हूं और मेरा काम अपने क्षेत्र के लोगों की जेब में अधिक पैसा पहुंचाना है। इसके लिए स्वच्छ ऊर्जा में निवेश और हरित समृद्धि को लॉफबोरो में लाने के लिए काम कर रहा हूं। इसके बाद लोगों की स्वास्थ्य सेवा मजबूत करने पर ध्यान दिया जाएगा। इसके अलावा पुलिस अधिकारियों की नियुक्ति और युवाओं को पुलिस में शामिल करके अपराध कम करने पर फोकस किया जाएगा।

### 11 युवाओं की मौत पर इस्राइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू की चेतावनी

# 'गोलन हाइट्स पर हमले की हिजबुल्ला को बड़ी कीमत चुकानी होगी'

**तेल अवीव।** इस्राइल के कब्जे वाले गोलन हाइट्स के इलाके में रॉकेट हमले में 11 युवाओं की मौत से इस्राइल बौखला गया है। आरोप है कि यह हमला हिजबुल्ला द्वारा किया गया। इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने हिजबुल्ला को चेतावनी दी है कि उन्हें इस हमले की बड़ी कीमत चुकानी होगी। हालांकि हिजबुल्ला ने हमले के पीछे खुद का हाथ होने से इनकार किया है।

इस्राइली प्रधानमंत्री के कार्यालय की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि 'इस्राइल इस दर्दनाक हमले पर चुप नहीं बैठेगा और हिजबुल्ला को इसकी बड़ी कीमत चुकानी होगी और वह कीमत ऐसी होगी, जो हिजबुल्ला ने कभी नहीं चुकाई होगी।' बेंजामिन नेतन्याहू अमेरिका दौरे पर हैं, लेकिन गोलन हाइट्स पर हुए हमले के बाद वह अपना दौरा बीच में छोड़कर इस्राइल वापस लौट रहे हैं।



**गोलन हाइट्स की सीमा रेखा को लेकर है विवाद**

इस्राइल की सेना के प्रवक्ता रियर एडमिरल डेनियल हगारी ने सोशल मीडिया पर जारी एक बयान में कहा कि 'यह हमला हिजबुल्ला का असली चेहरा दिखाता है, जो कि एक आतंकी संगठन है और उसने शनिवार शाम को फुटबॉल खेल रहे बच्चों को निशाना बनाया और उनकी हत्या की।' हगारी ने 7 अक्तूबर के बाद गोलन हाइट्स में हुए हमले को सबसे निर्मम करार दिया। इस्राइली डिफेंस फोर्स ने कहा कि 'जब दुनिया भर के एथलीट ओलंपिक 2024 में प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं, तब हिजबुल्ला इस्राइल के अगली पीढ़ी के खिलाड़ियों की हत्या कर रहा है। बच्चों का एक समूह सिर्फ अपने जीवन के सामान्य सी खुशी का आनंद ले रहे थे, लेकिन हिजबुल्ला के रॉकेट हमले में खेल के मैदान में उनकी मौत हो गई।'

गोलन हाइट्स सीरिया की सीमा पर मौजूद एक पहाड़ी इलाका है। साल 1967 में हुए युद्ध में इस्राइल ने गोलन हाइट्स के अधिकतर हिस्से पर कब्जा कर लिया था और साल 1981 में गोलन हाइट्स को अपनी सीमारेखा में मिलाने का एलान कर दिया।

### सूडानी अर्धसैनिक बलों ने एल-फशर पर किया हमला

# बमबारी में 22 लोगों की मौत, 17 अन्य घायल

**सूडान।** सूडानी अर्धसैनिक बलों ने शनिवार को एल-फशर पर हमला कर दिया। बमबारी में सूडान के नियंत्रण से बाहर दारफुर के आखिरी शहर में 22 लोग मारे गए। वहीं, 17 लोग घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, महीने की शुरूआत के बाद से यह सबसे घातक बमबारी थी, जिसमें शहर के एक अन्य बाजार में हुई गोलीबारी में 15 लोगों की जान चली गई थी।

बता दें कि एल-फशर 15 महीने तक चले युद्ध में अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) को नियमित सेना के खिलाफ खड़ा करने वाला एक प्रमुख युद्धक्षेत्र बन गया है। वहीं, उत्तरी दारफुर राज्य की राजधानी के लिए दो महीने से अधिक समय से लड़ाई जारी है। इस क्षेत्र को मानवीय सहायता के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है। 10 मई को एल-फशर के लिए लड़ाई शुरू हुई थी, जिसके बाद आरएसएफ की घेराबंदी के चलते हजारों नागरिक फंस गए हैं।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, शनिवार को हुई गोलाबारी में कुछ घर नष्ट हो गए।

शहर के सऊदी अस्पताल के एक डॉक्टर ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि 'पशुधन बाजार और रेडायफ पड़ोस पर बमबारी में 22 लोग मारे गए और 17 घायल हो गए।'



# पाकिस्तानी सुरक्षाबलों ने बलूचों पर की गोलीबारी!

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान स्थित मास्तंग में शनिवार को बलूचों के एक समूह पर गोलीबारी हुई। इस घटना में 14 लोग घायल हो गए। बताया गया है कि यह समूह ग्वादर में एक रैली में हिस्सा लेने के लिए जा रहा था। इसी दौरान इन पर गोलीबारी हुई। आरोप है कि पाकिस्तानी सुरक्षाबलों ने इस समूह को निशाना बनाया है।

पाकिस्तान के अखबार 'द डॉन' के मुताबिक, इस घटना को लेकर सुरक्षाबलों और हमले का शिकार हुए बलूच संगठन- बलूच याकजेहती कमेटी (बीवाईसी) के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया। जहां कलात के डिप्टी कमिश्नर शायक बलोच ने कहा कि संगठन के बेड़े ने मास्तंग के पास लेवियस चेकपॉइंट पर हमला किया तो वहीं बलूच याकजेहती कमेटी के प्रमुख बेबर्ग बलूच ने कहा कि जब वे क्वेटा-कराची हाईवे से जा रहे थे, उसी दौरान सुरक्षाबल के एक अधिकारी ने उनके बेड़े पर गोलीबारी की।

**रैली में हिस्सा लेने ग्वादर जा रहे 14 घायल, 200 गिरफ्तार**

घायलों को जिस अस्पताल में भर्ती कराया गया है, वहां पांच लोगों की हालत गंभीर बताई गई है। इस बीच बेबर्ग बलूच ने कहा कि ग्वादर जा रहे बेड़े को थाना सोना खान इलाके में रोका गया था। वह भी इस बेड़े का हिस्सा था। उन्होंने बताया कि बेड़े को मास्तंग जाने से रोका गया और सुरक्षाबलों ने इसके लिए लाठीचार्ज के साथ-साथ लोगों पर आंसू गैस के गोले तक छोड़े।

एक्स पर एक पोस्ट में बलूच याकजेहती समुदाय ने कहा कि राज्य की सेना और पुलिस ने उनके शांतिपूर्ण बेड़ों पर हमला किया और मासूम लोगों पर फायरिंग की। बीवाईसी की एक और नेता महरंग बलोच ने कहा कि सुरक्षाबलों ने ग्वादर जा रहे 200 लोगों को गिरफ्तार भी किया है। हालांकि, सरकार ने इस घटना में बलूच संगठन के दावों को झूठा बताते हुए खारिज कर दिया।

सरकार की तरफ से कहा गया है कि बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री सरफराज बुगती या प्रांतीय सरकार की तरफ से पुलिस और सुरक्षाबलों को ऐसा कुछ भी करने का आदेश नहीं दिया गया था। हमारे दरवाजे अभी भी बातचीत के लिए खुले हैं। सरकार ने कहा कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन लोगों का अधिकार है। लेकिन बलूच याकजेहती कमेटी सिर्फ अपने अधिकारों को याद रखना चाहती है और प्रशासन के अधिकार को नजरअंदाज करती है।

# मुइज्जू के बदले सुर, भारत से मिले हेलिकॉप्टर किया इस्तेमाल

**माले।** मालदीव भारत से उपहार में मिले डोर्नियर विमान और दो हेलिकॉप्टरों का उपयोग फिर से करने लगा है। मालदीव राष्ट्रीय रक्षा बल (एमएनडीएफ) ने स्थानीय मीडिया को बताया कि डोर्नियर विमान और हेलिकॉप्टरों का इस्तेमाल चिकित्सा निकासी (मेडिकल इवेकुएशन) के रूप में किया जा रहा है। इनका संचालन इस बार भारत से भेजे गए नागरिक दल कर रहे हैं। इस बीच, राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने नागरिक विमानन कर्मियों के साथ चिकित्सा निकासी सेवाओं को फिर से शुरू करने में सक्षम बनाने के लिए भारत को धन्यवाद दिया है।



एमएनडीएफ ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि बीते शुक्रवार को हमने दो चिकित्सा आपात स्थितियों में भारत से मिले हेलिकॉप्टर का इस्तेमाल किया। आगे भी हम जरूरत पड़ने पर इसका संचालन करेंगे। डोर्नियर विमान और हेलीकॉप्टरं को पहले भारतीय सैन्य कर्मी संचालित करते थे। पिछले नवंबर में राष्ट्रपति मुइज्जतू के शपथ लेने के तुरंत बाद इस पर रोक लगा दी गई थी। राष्ट्र मुइज्जू 'इंडिया आउट' के नारे के साथ सत्ता में आए और अपने शपथ ग्रहण के कुछ ही घंटों के भीतर उन्होंने भारत से अनुरोध किया कि वह अपने सैन्य कर्मियों को वापस बुला ले।

भारत और मालदीव के बीच इस साल फरवरी में हुए समझौते के मुताबिक भारतीय सेना के सभी कर्मियों को 10 मई तक अलग-अलग समूहों में वतन लौटना था। भारत ने अपना वादा भी निभाया। सैन्यकर्मियों की

# बांग्लादेश पुलिस ने तीन छात्र नेताओं को हिरासत में लिया

# शेख हसीना बोलीं- देश के खिलाफ की गई बड़ी साजिश

**ढाका।** बांग्लादेश हाल में हुए हिंसा को देश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने देश को भिखारियों के देश में बदलने की गंभीर साजिश का हिस्सा बताया है। बता दें कि इस हिंसा में 200 से अधिक लोगों के मारे जाने का दावा किया गया है। वहीं मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि छात्रों के प्रवक्ता नाहिद इस्लाम और समूह के दो अन्य वरिष्ठ नेताओं को शुक्रवार को एक अस्पताल से जबरन छुट्टी दे दी गई और सादे कपड़ों में जासूसों के एक समूह की तरफ से ले जाया गया है।

### मैं देशवासियों से न्याय चाहती - हसीना

प्रधानमंत्री हसीना ने सरकारी नेशनल ऑर्थोपेडिक अस्पताल का दौरा कर हिंसा में घायलों से मुलाकात की। इसके बाद उन्होंने कहा कि वह देशवासियों से जानना चाहती हैं कि अब इस हिंसा में हताहत हुए और बड़े पैमाने पर हुए विनाश की जिम्मेदारी कौन लेगा। सरकारी बांग्लादेश संगबाद संस्था (बीएसएस) ने उनके हवाले से कहा, उन्होंने सवाल किया कि उनकी गलती क्या थी। प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि वह लोगों की किस्मत बदलने और उनके जीवन स्तर को ऊपर उठाने के लिए अथक प्रयास कर रही हैं। उन्होंने कहा- मैं देशवासियों से न्याय चाहती हूं। इन गिरफ्तारियों के बारे में जानकारी देते हुए देश के गृह मंत्री असदुज्जमां खान कमाल ने पत्रकारों से कहा- यह फैसला उनकी अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए किया गया था।



**'धमकी देने वालों की पहचान करने की जरूरत'**

### बांग्लादेश में मोबाइल इंटरनेट बहाल

बांग्लादेश में 10 दिनों के बाद मोबाइल इंटरनेट सेवाओं को बहाल कर दिया गया। हाल ही में सरकारी नौकरियों में आरक्षण प्रणाली में सुधार को लेकर देशव्यापी हिंसक प्रदर्शन हुए। इसके मद्देनजर अफवाहों को फैलने से रोकने के मकसद से मोबाइल इंटरनेट सेवाओं पर रोक लगाई गई थी।

ढाका ट्रिब्यून अखबार की खबर के मुताबिक, सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जुनैद अहमद पलक ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान घोषणा की कि मोबाइल इंटरनेट संपर्क बहाल होने के बाद तीन दिनों तक सभी उपयोगकर्ताओं (यूजर्स) को 5जी इंटरनेट डाटा मुफ्त दिया जाएगा।




# कार्यकर्ता बजट संगोष्ठी में पहुंचे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी

## 'विकसित भारत को स्थापित करने वाला एक मजबूत बजट'





**साहिबाबाद, गाजियाबाद।** भाजपा शीर्ष नेतृत्व के आह्वान और महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा के निर्देशानुसार वसुंधरा स्थित एमआई गार्डन बैंकेट हॉल में रविवार को बजट संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी मौजूद रहे। ट्रांस हिंडन के बूथ संख्या 322 पर कार्यकर्ताओं के साथ प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी ने मन की बात कार्यक्रम में पीएम के मुख से देश की मन की बात सुनी। जिसमें पीएम मोदी ने हमारी परंपराएं और ओलंपियाड के होनहारों के विषयानुगत देश की मन की बात कही। इस कार्यक्रम के उपरान्त प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने कार्यकर्ताओं के साथ बजट संगोष्ठी कार्यक्रम के तहत बजट पर संभाषण दिया।









### रोज नए आयाम स्थापित कर रहा देश : कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा

**करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास की ओर अग्रसर है और रोज नये आयाम स्थापित कर रहा है। उन्होंने केंद्र तथा प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का भी बखान किया। इनके साथ सांसद अतुल गर्ग, प्रदेश महामंत्री सुभाष यदुवंशी, क्षेत्रीय महामंत्री विकास अग्रवाल, जिला अध्यक्ष सतपाल प्रधान, महापौर सुनीता दयाल, बलदेव राज शर्मा, पूर्व सांसद रमेश चंद्र तोमर, पूर्व मेयर आशा शर्मा, पूर्व मेयर आशु वर्मा, एमएलसी दिनेश गोयल, पूर्व विधायक प्रसांत चौधरी, विजय मोहन, मयंक गोयल, मानसिंह गोस्वामी,अशोक मोंगा, कैप्टन विकास गुप्ता, अशोक गोयल, खोड़ा नगरपालिका पूर्व चैयरमेन रीना भाटी, सरदार एसपी सिंह, पृथ्वी सिंह, राजेन्द्र त्यागी,हातम सिंह नागर, सुशील गौतम, गोपाल अग्रवाल, राजेश त्यागी, प्रदीप चौधरी, युवा मोर्चा अध्यक्ष सचिन डेडा, किसान मोर्चा अध्यक्ष पंकज भारद्वाज, धीरज अग्रवाल, पार्षद सत्येंद्र चौधरी, महेन्द्र चौधरी सहित सैंकड़ों भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के संयोजक पप्पू पहलवान, संचालक संदीप त्यागी रहे।

### सभी वर्गों के लिए सुखद बजट : भूपेंद्र चौधरी

**करंट क्राइम।** भूपेन्द्र चौधरी ने अपने संबोधन में बजट को आमजन के हित में लाभप्रद बताते हुए बजट को विकसित भारत को स्थापित करने वाला एक मजबूत कदम बताया। भूपेंद्र चौधरी ने बजट को सभी वर्गों के लिए सुखद बताते हुए कहा कि देश की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इस बार का बजट सैन्य बल के लिए बड़ा ही महत्वपूर्ण रहा है। जिस देश की सीमाएं सुरक्षित हैं, तो देश का आम नागरिक भी सुरक्षित होता है ।

# भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी का व्यापारी और तकनीकी संस्थानों ने किया स्वागत-सत्कार

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** केंद्रीय बजट पर संगोष्ठी कार्यक्रम के अवसर पर रविवार को वसुंधरा में गाजियाबाद लोहा विक्रेता मंडल के अध्यक्ष और टेक्निकल इंस्टीट्यूशंस फाउंडेशन ऑफ उत्तर प्रदेश के महासचिव डॉ.अतुल कुमार जैन ने व्यापारियों और तकनीकी संस्थानों की ओर से मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी का स्वागत और सम्मान किया गया। मुलाकात करके विकसित भारत बनाने की दिशा में सार्थक बजट के लिए बधाई दी।



### कांवड़ियों का खोड़ा आगमन पर दिल से अभिनंदन : रीना भाटी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** रीना गजेन्द्र भाटी पूर्व चेयरमैन खोड़ा ने हरिद्वार से कांवड़ लेकर आने वाले शिव भक्तों का नगर पालिका क्षेत्र खोड़ा आगमन पर हार्दिक स्वागत किया। अपने नगर पालिका परिषद क्षेत्र हिण्डन नहर पर शिवभक्त कांवड़ियों की सेवा के लिए मनीष चौहान द्वारा कैम्प भी लगाया गया है। यह सेवा 33 वर्षों से लगातार चल रही है। कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए भी कड़े इंतजाम किए गए हैं।



### संजीव गुप्ता ने परिवार संग किया सोमनाथ मंदिर में जलाभिषेक

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** समरकूल ग्रुप के सीएमडी और मां वैष्णो धाम सपनावत के चेयरमैन संजीव कुमार गुप्ता ने रविवार को धर्मपत्नी रश्मि गुप्ता और भाई राजीव गुप्ता व सीमा गुप्ता संग श्रावण मास के पवित्र अवसर पर गुजरात में स्थित प्रथम ज्योतिर्लिंग सोमनाथ मंदिर में भगवान शंकर का जलाभिषेक कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इन दिनों गुप्ता परिवार धार्मिक तीर्थ यात्रा पर है और इसके एक दिन पहले गुप्ता परिवार ने द्वारकाधीश जाकर भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।



# बृज विहार में भाजपाइयों ने किया पौधरोपण



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत रविवार को बृज विहार सी ब्लॉक राधे वाटिका में भाजपा कार्यकर्ताओं ने कई जगहों पर पौधरोपण किया। पूर्व पार्षद पूनम त्यागी, अजय त्यागी, बॉबी त्यागी ब्रजेश सिंह भुपेश शर्मा, सुभाष राणा, देवेंद्र पंडित ने अपने आवास के पास पार्क में पौधरोपण किया। वहीं एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत फलदार पौधे लगाये, और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। महानगर कार्यकारणी सदस्य बॉबी त्यागी ने कहा कि देश को ग्लोबल वॉर्मिंग जैसी चुनौतियों से बचाने के लिए पूरे देश में प्रधानमंत्री ने एक पेड़ मां के नाम लगाने का अभिनव आह्वान किया है। इसी शृंखला में बृज विहार के राधे पार्क में पौधे लगाये गये।

### दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** नन्ही परी नायरा के 8वे जन्मदिन पर उनकी मम्मी पूजा चड्ढा ने अपनी खुशियों को कुछ इस अंदाज में साझा किया। क्यूट डॉल के हैप्पी बर्थडे पर उसके लिए हर खुशी की कामना की। जन्मदिन की खुशी को फेसबुक पर साझा किया। नन्ही परी के हैप्पी बर्थडे की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

### शुभकामनाएं



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। विश्व ब्राह्मण महासभा के पीठाधीश्वर डॉ बीके शर्मा हनुमान ने दैनिक करंट क्राइम के वरिष्ठ संवाददाता सुभाष शर्मा को उनके जन्मदिन की बधाई शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उन्होंने समाचार संपादक दीपक भाटी का भी पटका पहना कर सम्मान किया।

### चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

## दैनिक करंट क्राइम उठते सवालों का करंट




- क्यों कहा कहने वाले ने कि गाजियाबाद से हैं सरकार में दो मंत्री? दोनों मंत्रियों का व्यवहार बताया जाता है बहुत ही शानदार? मगर सुना है इन दो मंत्रियों में से एक मंत्री से बहुत नाराज हैं एक विधायक? ना जाने क्या हुआ है हमें समझ नहीं आ रहा है यार? पता चला है मीटिंग कराने को लेकर है कोई बात? पता चला है जिस मजबूत जगह पर साथ देना था वहां पर मंत्री जी ने नहीं दिया विधायक जी का साथ? एक बार कुरेदो तो सही विधायक जी को? उगलकर बाहर आ जायेगें उनके आक्रोशित जज्बात?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि हम थे एक मीटिंग में मौजूद? वहां पर भगवा पहलवान का मजबूत दिख रहा था वजूद? इस मजबूत वाले वजूद के बीच में डाल दी किसी ने खलल? कहा हमें लगी है जानकारी कि चुनाव में आपको किसी ने कह कर हराया था? सुना है जैसे ही हुआ ये सवाल मौके पर मौजूद दो भाटी और सौलंकी का मुस्कुरा गया चेहरा? ये देखते ही पहलवान ने इस सवाल को कर दिया खारिज? कहा कहने वालों को गलत करनी है और जो मुस्कुरा रहे हैं वो भी वहमी है?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि जब भी प्रदेश वाले चौधरी साहब आते हैं गाजियाबाद? तब देखते ही बनता है मजबूत डोले वाले आशीष भैया का अंदाज? चौधरी साहब भी खुलकर देते हैं आशीष भैया को आशीष? हमने देखा डेढ़ा भैया ने रील बनाकर चौधरी साहब के आशीर्वाद वाले फोटो की रीलिज? ऐसा लग रहा था दोनों दे रहे हों कुछ दिलजलों को संदेश? बताना चाह रहे हों चौधरी साहब को कितना भा रहा है हम दोनों का फेस?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि जिस पर कृपा पहलवान और पहलवान के दोस्त की हुई? उसका आखिर क्या बिगाड़ सकता है कोई? हमने देखा प्रदेश वाले चौधरी साहब का मंच चोटी वाले त्यागी जी संभाल रहे थे माईक के साथ? देखते ही बन रहे थे उनके ये अंदाज? नहीं आ रहा था उनके अलावा मंच पर उनकी बिरादरी वाला कोई दूसरा चेहरा नजर? कसम से देखते ही बन रही थी चोटी वाले त्यागी जी के चेहरे की ताजगी? हमे शक था कि लग ना जाये उनकी इस खुशी को किसी की नजर?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि प्रदेश वाले चौधरी साहब सैकंड फ्लोर पर करने आये थे पत्रकारों को सम्बोधित? मगर भगवा वालों के बीच में थी फर्स्ट फ्लोर पर चल रही दावत की चर्चाएं? फर्स्ट फ्लोर की दावत में शामिल भगवा मैम्बर तो सैंकड फ्लोर पर आ गये मगर सैंकड फ्लोर वाले भगवा चेहरे चाह कर भी फर्स्ट फ्लोर पर नहीं जा पाये? कहने वाले ने कहा यहां पर बीच में आ गया निमंत्रण का सवाल? सैंकड फ्लोर पर मौजूद दिल जले कह रहे थे अभी हम नहीं स्थापित कर पायें हैं फर्स्ट फ्लोर के आयोजक से सम्बन्धों की मजबूत मिसाल?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं लगातार कह रहा हू संगठन वालों का देना चाहिए मीडिया वाले चौधरी की सक्रियता पर ध्यान? नामित पार्षद वाली सूची में जरूर भेजा जाना चाहिए इस चेहरे का नाम? चौधरी साहब की गोष्ठी से लेकर प्रेस कांफ्रेस में पूरी शिद्दत से निभा रहे थे मीडिया चौधरी अपना किरदार? जहां पहले की तरह बाकी सह मीडिया प्रभारी आउट आफ द रीच थे? वहीं कार्यक्रम को कलम से बांधने में चौधरी मेहनत कर रहे थे बेशुमार? ऐसे में नामित वाली लिस्ट में इनका जलवा रहना चाहिए इस बार?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं था भगवा बजट वाली गोष्ठी में मौजूद? यहां पर दस राज्यपालों की धोषणा पर कुछ कार्यकर्ता जनरली कर रहे थे बात? लिस्ट में नाम क्यों नहीं आया इस पर हर कोई बांट रहा था एक दूसरे से अपने दिल के जज्बात? कहने वाले कह रहे थे अभी मामला कुछ भी नहीं हुआ है लेट? अगली लिस्ट जल्द ही आने वाली है जिसमें 100 प्रतिशत हो जायेगा साहब का नाम अपडेट?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि लव भैया को करनी चाहिए अपने मौहल्ले के सिटिंग पार्षद से बात? हमें पता है सिटिंग वाले पार्षद लव भैया के बिरादरी वाले समीकरण लेकर चल रहे है अपने साथ? हमें यह भी पता है कि इन समीकरण पर मौहल्ले के मैम्बर ने संगठन वालों को भी दी है रिपोर्ट? लव भैया सुनकर चौंक जायेंगे अपने मौहल्ले में अपनी बिरादरी का आंकड़ा? एक बार वो मांग तो लें मौजूदा मैम्बर से अपनी बिरादरी की संख्या वाली रिपोर्ट?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं था चौधरी साहब की प्रेस कांफ्रेस में मौजूद? यहां पर मुझे हो रहे थे पूर्व महानगर अध्यक्ष अजय शर्मा के भी दीदार? जब नहीं थी मौजूदा अध्यक्ष की कार्यक्रम में मौजूदगी? तो कम से कम पूर्व अध्यक्ष को तो मंच पर बैठाया ही जा सकता था यार? कहने वाले ने कहा जब तीन महामंत्रियों को मिल सकता है मंच पर स्थान? क्या बिगड़ जाता किसी का अगर मंच पर आ जाता शर्मा जी का भी नाम? आखिर उन्होंने भी तो पार्टी के लिए किये हैं बहुत सारे काम?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि जब भी पार्टी का कोई बड़ा कार्यक्रम आता है? तब हमेशा मजबूत दिखता है भगवा रेस्लर का इरादा? कार्यक्रम को सफल करके वो निभा देते हैं अपना वादा? हमने देखा अपने दोस्त की गैरमौजूदगी में फिर दे दिया उन्होंने एक और सफल कार्यक्रम को अंजाम? इसलिए संगठन की राजनीति में मजबूती से लिया जाता है कमांडर के दोस्त पहलवान का नाम?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।